रविवार, 21 जून 2026

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

www.samagya.in

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ चार, पांच और छः पर

कोलकाता, ज्येष्ठ (शुद्ध) शुक्लपक्ष सप्तमी, वि.स. 2083, पृष्ठ 8, मूल्य 4.00 रुपये

सुविचार : इंसान को बेवकूफी नहीं बल्कि जरूरत से ज्यादा चालाकी ले डूबती है।

### तारकेश्वर में पश्चिम बंगाल के स्थापना दिवस समारोह से प्रधानमंत्री मोदी का बड़ा संदेश

# ‘बंगाल अपनी बेड़ियों से मुक्त हो गया है, राज्य का गौरव वापस लौटने लगा’



**कहा... ‘लेफ्ट और टीएमसी के गड्ढों को भरने के लिए डबल इंजन सरकार सुपरफास्ट गति से काम कर रही’**

**हुगली, समाज्ञा :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बंगाल में पिछले माह हुए सत्ता परिवर्तन और पहली बार यहां भाजपा की सरकार बनने के बाद आए बदलावों की ओर इशारा करते हुए शनिवार को कहा कि ऐसा लग रहा है कि राज्य अब बेड़ियां से आजाद होकर उसके गौरव की पुनर्स्थापना शुरू हो चुकी है। पीएम ने कहा कि आज बंगाल की हवा में एक नई ताजगी है, यहां की मिट्टी के कण-कण से नई खुशबू आ रही है। हुगली जिले के तारकेश्वर में राज्य की नई भाजपा सरकार द्वारा पहली बार आधिकारिक रूप से आयोजित पश्चिम बंगाल दिवस समारोह में शामिल हुए पीएम ने कहा कि हमारा बंगाल अब अपने नए भविष्य के निर्माण में जुट गया है। पीएम ने इस दौरान सैकड़ों करोड़ रुपये की विभिन्न विकास परियोजनाओं का भी शुभारंभ किया। प्रधानमंत्री ने इस धार्मिक नगरी में अपने संबोधन की शुरुआत जय बाबा तारकनाथ और हर-हर महादेव से करते हुए कहा कि चुनाव और नई सरकार के शपथ ग्रहण के बाद पहली बार उन्हें बंगाल की जनता के बीच आने का सौभाग्य मिला है। मोदी ने कहा कि बंगाल में दशकों तक पहले लेफ्ट और फिर टीएमसी ने जो गड्ढे बनाए, उन्हें भरने के लिए डबल इंजन सरकार ने सुपरफास्ट गति से काम करना शुरू कर दिया है। बिजली की रफ्तार से फैसले हो रहे हैं। रुकी हुई योजनाओं पर काम आगे बढ़ रहा है। टीएमसी सरकार ने बंगाल को घुसपैठियों का अड्डा बना दिया था।

**‘बंगाल में अब कटमनी खत्म, काम शुरू’**

पीएम ने कहा कि बंगाल में अब कटमनी (कमीशन व रंगदारी) खत्म, काम शुरू है। टीएमसी पर निशाना साधते हुए पीएम ने कहा कि कटमनी खाने वाले भाजपा सरकार में हो रही ताबड़तोड़ गिरफ्तारियां व कारवाई के डर से इसे जनता को वापस लौटा रहे हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस बार का पश्चिम बंगाल दिवस इसलिए और भी विशेष है क्योंकि स्वतंत्रता के बाद जिस समृद्ध और उज्ज्वल बंगाल का सपना यहां के महान लोगों ने देखा था, आज पहली बार वह सपना साकार होता दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि यह ऐतिहासिक दिन राज्य के विकास के लिए नई प्रेरणा बने और एक नए गौरवशाली इतिहास की शुरुआत करे।

**‘गुलामी के समय बंगाल ने असीम पीड़ा सही’**

अपने भाषण में प्रधानमंत्री ने बंगाल के विभाजन के दौर को याद करते हुए कहा कि गुलामी के समय बंगाल ने असीम पीड़ा सही, अनेक बलिदान दिए। उन्होंने 1946 में डायरेक्ट एक्शन डे के दौरान कोलकाता में हुई हिंसा का जिक्र करते हुए कहा कि बड़ी संख्या में निर्दोष बंगाली इसकी भेंट चढ़े। उन्होंने कहा कि बंगाल ने रक्तपात देखा, अपनों को खोया और अपनी मातृभूमि को बंटते देखा, लेकिन उसने अपनी पहचान और अस्मिता को मिटने नहीं दिया।

**‘पूरे बंगाल को पाकिस्तान में मिलाने की हो रही थी साजिश’**

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज की युवा पीढ़ी को बार-बार यह बताया जाना चाहिए कि 20 जून का महत्व क्या है। उन्होंने आरोप लगाया कि उस समय पूरे बंगाल को पाकिस्तान में मिलाने की साजिश हो रही थी और कांग्रेस ने उसके सामने घुटने टेक दिए थे। ऐसे समय में श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने इसका विरोध किया। उन्होंने उल्लेख किया कि इसी तारकेश्वर की धरती पर मुखर्जी ने अप्रैल 1947 में ऐतिहासिक प्रस्ताव पारित करवाया और घोषणा की कि पूरा बंगाल पाकिस्तान का हिस्सा नहीं बनेगा। इसी के लिए बंगाली-हिंदू होमलैंड आंदोलन शुरू किया गया।

पृष्ठ 6



अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की पूर्व संध्या पर हावड़ा ब्रिज पर दिखा ड्रोन और लाइट शो

## श्यामा प्रसाद मुखर्जी की ऐतिहासिक भूमिका को इतिहास से मिटाने की कोशिश हुई : शुभेंदु अधिकारी

**मुख्यमंत्री का आरोप, पिछली सरकारों ने दबाया इतिहास**

**हुगली, समाज्ञा :** हुगली जिले के तारकेश्वर में आयोजित पश्चिम बंगाल दिवस समारोह में शुभेंदु ने पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि कई वर्षों तक 20 जून के महत्व को दबाने और डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की ऐतिहासिक भूमिका को इतिहास से मिटाने की कोशिश हुई। हमारी सरकार इस अध्याय को बंगाल के इतिहास में उसका उचित स्थान दिलाने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पश्चिम बंगाल दिवस उन ऐतिहासिक घटनाओं की याद में मनाया जा रहा है, जिनके कारण बंगाल का निर्माण हुआ और उन लोगों को सम्मान देने के लिए जिन्होंने विभाजन के दौरान इस क्षेत्र को भारत में बनाए रखने के लिए संघर्ष किया। उन्होंने बताया कि स्वतंत्रता से पहले 4 से 7 अप्रैल 1947 के बीच तारकेश्वर में डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के ही नेतृत्व में हिंदू महासम्मेलन आयोजित हुआ था, जिसमें एक प्रस्ताव पारित कर मांग की गई थी कि पूरा बंगाल भारत में शामिल रहे। उनके अनुसार यह प्रस्ताव उन बंगाली हिंदुओं की इच्छा का प्रतीक था जो विभाजन की उथल-पुथल के बीच भारत के साथ रहना चाहते थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि 20 जून 1947 को बंगाल विधानसभा में हुए मतदान में डा. मुखर्जी के नेतृत्व वाले विधायकों ने उस प्रस्ताव का समर्थन किया, जिसकी बदौलत पश्चिम बंगाल भारत का हिस्सा बना रह सका। उन्होंने कांग्रेस, वाममोर्चा और तृणमूल कांग्रेस सरकारों पर आरोप लगाया कि उन्होंने कभी भी डा. मुखर्जी के योगदान को उचित मान्यता नहीं दी और इस दिन को आधिकारिक रूप से नहीं मनाया। उन्होंने कहा कि तारकेश्वर के ऐतिहासिक महत्व को कायम रखते हुए राष्ट्रवादी डबल इंजन सरकार पहली बार यहां आधिकारिक रूप से पश्चिम बंगाल दिवस मना रही है और हमें इस पर गर्व है।

## आज अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर कोलकाता में 35,000 लोग एक साथ करेंगे योगाभ्यास

**ऐतिहासिक रेड रोड से पीएम मोदी करेंगे अगुवाई**


**कोलकाता, समाज्ञा :** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर आज कोलकाता में देश के सबसे बड़े आयोजनों में से एक में लगभग 35,000 लोगों के जुटने की उम्मीद है तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस राष्ट्रीय कार्यक्रम का नेतृत्व करेंगे। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि कोलकाता में अलग-अलग जगहों पर एक साथ होने वाले योग सत्रों में लगभग 10 लाख लोग हिस्सा लेंगे। आयुष मंत्रालय के सचिव वैद्य राजेश कोटेचा ने कहा कि यह पहली बार है जब पश्चिम बंगाल इतने बड़े पैमाने पर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के मुख्य कार्यक्रम की मेजबानी कर रहा है। इसमें योग संस्थानों, विद्यार्थियों, महिलाओं, वरिष्ठ नागरिकों और समाज के सभी वर्गों के लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। लोगों के जबरदस्त उत्साह का ज़िक्र करते हुए उन्होंने कहा कि इस साल के समारोहों की एक अहम बात 'योग संगम पोर्टल' के जरिए संगठनों का बड़े पैमाने पर पंजीकरण है, जो अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 का सामुदायिक भागीदारी वाला मुख्य मंच है। उन्होंने कहा कि अब तक लगभग सात लाख पंजीकरण हो चुके हैं और दिन के आखिर तक यह संख्या दस लाख तक पहुंचने की उम्मीद है। मुख्य आकर्षणों में एक बड़ा योग कार्निवल और हुगली नदी पर योग का एक अनोखा प्रदर्शन शामिल होगा, जहां लगभग 500 नावों पर लोग एक साथ योग करेंगे। यह इस साल के समारोह की सबसे खास बातों में से एक होगी। कार्यक्रम की समयसारिणी का ज़िक्र करते हुए कोटेचा ने कहा कि यह कार्यक्रम सुबह 6:30 बजे एक देशव्यापी सत्र के साथ शुरू होगा, जिसमें प्रतिभागी प्रधानमंत्री का संबोधन सुनेंगे। इसके बाद, सुबह 7 बजे से 7:45 बजे तक प्रधानमंत्री की अगुवाई में सामूहिक 'कॉमन योग प्रोटोकॉल' सत्र होगा।

## आज होगी नीट-यूजी पुनर्परीक्षा, 1.38 लाख सीसीटीवी और 51 हजार जैमर से कड़ी निगरानी

**नई दिल्ली :** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) आज (21 जून) नीट-यूजी 2026 की पुनर्परीक्षा देशभर में कड़े सुरक्षा इंतजामों के बीच आयोजित करेगी। परीक्षा भारत के 551 शहरों के 5,440 केंद्रों तथा विदेश के 14 केंद्रों पर होगी। एनटीए के अनुसार 95 हजार से अधिक परीक्षा कक्षों में कुल 1,38,560 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जिनकी निगरानी राष्ट्रीय, राज्य और मंत्रालय स्तर पर की जाएगी। इलेक्ट्रॉनिक गड़बड़ियों को रोकने के लिए 51,311 जैमर भी लगाए गए हैं। प्रत्येक परीक्षा कक्ष में दो पर्यवेक्षक और हर केंद्र पर अतिरिक्त परीक्षा कर्मी तैनात रहेंगे। सभी केंद्रों पर 'केंद्र निगरानी अधिकारी' (सीएसओ) भी मौजूद रहेंगे। पुलिस, अर्द्धसैनिक बल, भारतीय वायु सेना, डाक विभाग तथा राज्य प्रशासन के सहयोग से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की गई है। एनटीए ने अभ्यर्थियों और अभिभावकों से केवल आधिकारिक सूचनाओं पर भरोसा करने तथा सोशल मीडिया पर फैल रही अफवाहों से दूर रहने की अपील की है।







## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 21 जून, रविवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2083, ज्येष्ठ (शुद्ध) शुक्लपक्ष सप्तमी, 15:26 तक, नक्षत्र : पूर्व फाल्गुनी, 09:30 तक, योग : सिद्धि, 11:19 तक, सूर्योदय: 04:52, सूर्यास्त: 18:23, चन्द्रोदय : 11:42, चन्द्रास्त: 24:02, शक सम्वत: 1948 पराभव, सूर्य राशि : मिथुन, चन्द्र राशि : सिंह, राहू काल : 17:16 से 18:56

## साप्ताहिक : राशिफल 21-06-26 से 27-06-26



**मेष : चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ :** मेष राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह अत्यंत ही शुभ और लाभप्रद साबित होने जा रहा है। इस सप्ताह लंबे समय से अटके हुए कार्य पूरे होंगे। आप अपनी बुद्धि, विवेक और बल से अपने शत्रुओं को झुकाने में समर्थ रहेंगे। कठिनाई भरे समय में भी मनोबल बनाए रखने से चीजें आपके पक्ष में जाएंगी। किसी पुराने विवाद का निपटारा होगा। नौकरीपेशा लोगों को कार्यक्षेत्र में अनुकूलता बनी रहेगी।



**वृष : ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे, वो :** वृषभ राशि के जातकों के लिए सप्ताह की शुरुआत शुभ साबित होगी। इस दौरान आपको करियर-कारोबार में आगे बढ़ने के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे, लेकिन आलस्य और अभिमान से बचना होगा, वरना हाथ में आई चीजें भी फिसलकर किसी दूसरे की झोली में गिर सकती है। यदि आप नौकरीपेशा हैं तो आपको सीनियर और जूनियर दोनों के साथ तालमेल बिठाकर चलना फायदेमंद साबित होगा। सप्ताह के पूर्वार्ध में व्यवसाय से जुड़े लोग बाजार में आई तेजी का लाभ उठाने में कामयाब होंगे।



**मिथुन : का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, ह :** मिथुन राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह औसत फलदायी कहा जाएगा। इस हफ्ते आपको कामकाज के सिलसिले में खूब भागदौड़ करनी पड़ सकती है। सप्ताह की शुरुआत में आपको सेहत और संबंध का विशेष ख्याल रखना होगा। लोगों के साथ बातचीत और व्यवहार करते समय विनम्रता बनाए रखें। नौकरीपेशा लोगों को इस हफ्ते कार्यक्षेत्र में कुछेक परेशानियों का सामना करना पड़ सकता हैं। कार्यक्षेत्र में अपने विरोधियों से सतर्क रहें और अपनी योजनाओं के पूरा होने से पहले उसका खुलासा न करें।



**कर्क : ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो :** कर्क राशि के जातकों को इस सप्ताह किस्मत का पूरा साथ मिलेगा और वे जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में मनचाही सफलता और लाभ प्राप्त करते हुए नजर आएंगे। यदि आप लंबे समय से अपने करियर या कारोबार को आगे बढ़ाने के लिए प्रयासरत थे तो इस हफ्ते आपकी मेहनत रंग लाएगी। रोजी-रोजगार की दिशा में प्रयास सफल होंगे। नौकरीपेशा लोगों का प्रमोशन संभव है। कार्यक्षेत्र में आपको कोई महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी जा सकती है। कुल मिलाकर मौजूदा नौकरी में आपको बेहतर परिणाम प्राप्त होंगे।



**सिंह : मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे :** सिंह राशि के जातकों को इस सप्ताह अपने जीवन में तमाम तरह के बड़े बदलाव देखने को मिल सकते हैं। इसमें से कुछ बदलाव आपके लिए सकारात्मक तो कुछ आपकी परेशानी का कारण बनेंगे। सप्ताह की शुरुआत में सिंह राशि को अपने प्रत्येक कार्य को बेहद सावधानी और सूझबूझ के साथ करना होगा अन्यथा एक छोटी सी भूल या लापरवाही आपके लिए जी का जंजाल बन सकती है। यह समय व्यवसाय से जुड़े लोगों के लिए अच्छा कहा जा सकता है क्योंकि उन्हें अपने कारोबार को आगे बढ़ाने के अवसर प्राप्त होंगे।




**कन्या : ढो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो :** कन्या राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह कभी गम तो कभी खुशी लिए रहने वाला है। सप्ताह की शुरुआत आपको अचानक से लंबी अथवा छोटी दूरी की यात्रा पर निकलना पड़ सकता है। यात्रा थकान भरी और उम्मीदे से कम फलदायी साबित होगी, जिसके कारण आपका मन थोड़ा हताश रहेगा। घर और कार्यक्षेत्र में अपनों का साथ न मिलने के कारण आपको कुछेक परेशानियां झेलनी पड़ सकती हैं। अगर आप व्यवसाय से जुड़े हैं तो आपको इस सप्ताह धन का लेनदेन और निवेश दोनों ही बहुत सावधानी के साथ करने की आवश्यकता रहेगी।



**तुला : रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते :** तुला राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह औसत फलदायी कहा जाएगा। सप्ताह की शुरुआत में छोटे भाई या बहन के साथ किसी बात को लेकर अनबन होने की आशंका है। घर से जुड़े किसी मसले को लेकर आपका मन चिंतित रहेगा। कार्यक्षेत्र में कामकाज का अतिरिक्त बोझ बना रहेगा, जिसे पूरा करने के लिए आपको अधिक परिश्रम और प्रयास करना होगा। नौकरीपेशा लोगों को इस दौरान परिश्रम का पूर्ण फल नहीं प्राप्त होने से मन निराश और हताश रहेगा।



**वृश्चिक : तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू :** वृश्चिक राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह लंबे समय से चली आ रही परेशानियां किसी प्रभावी व्यक्ति की मदद से दूर हो सकती है। सप्ताह के पूर्वार्ध का समय आपके करियर, कारोबार और घर-परिवार तीनों की दृष्टि से शुभ और लाभप्रद कहा जाएगा। इस दौरान आपकी सेहत और संबंध दोनों ही सामान्य बने रहेंगे। यदि आपको बीते कुछ समय से कोई शारीरिक कष्ट बना हुआ था तो इस सप्ताह उसमें कमी होती हुई नजर आएगी। इस संबंध में किए जा रहे इलाज का फायदा आपको दिखाई देगा।



**धनु : ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ढा, भे :** धनु राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह काफी आपाधापी भरा रह सकता है। इस सप्ताह आपको छोटे-छोटे कार्यों के लिए खूब भागदौड़ करनी पड़ सकती है। कार्यक्षेत्र में जहां कामकाज की अधिकता बनी रहेगी वहीं घरेलू जिम्मेदारियां आपकी चिंता का विषय बनी रहेंगी। सप्ताह के पूर्वार्ध में आपको अचानक से लंबी दूरी की यात्रा करनी पड़ सकती है। यात्रा थकान भरी और उम्मीद से कम फलदायी रहने वाली है।



**मकर : भो, जा, जी, खी, खू, खे, खो, गा, गी :** इस सप्ताह यदि छोटी-मोटी दिक्कतों को इग्नोर कर दें तो पूरा सप्ताह आपके लिए अनुकूल और लाभप्रद कहा जाएगा। सप्ताह की शुरुआत किसी बहुप्रतीक्षित शुभ समाचार की प्राप्ति से होगी, जिसके कारण परिवार में उत्सव जैसा माहौल रहेगा। संतानपक्ष की विशेष उपलब्धि से मन हर्षित रहेगा। नौकरीपेशा लोगों के लिए पूरा सप्ताह अनुकूल कहा जाएगा। इस दौरान कार्यक्षेत्र में सीनियर और जूनियर दोनों आप पर मेहरबान रहेंगे और आपको पूरा सहयोग और समर्थन देंगे, जिससे आप अपना बेहतर आउटपुट दे सकेंगे।



**कुम्भ : गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा :** कुंभ राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह राहतकारी कहा जा सकता है। यदि आप बीते कुछ समय से करियर-कारोबार या फिर निजी जीवन से जुड़ी समस्याओं को लेकर काफी परेशान चल रहे तो इस हफ्ते आपको उसका बहुत हद तक समाधान खोजने में कामयाबी मिल सकती है। इस हफ्ते पारिवारिक निर्णयों में आपकी भूमिका बहुत ज्यादा महत्वपूर्ण रहेगी। ऐसे में कोई भी फैसला जल्दबाजी या आवेश में आकर न लें। करियर-कारोबार को लेकर की जाने वाली यात्राएं सुखद एवं लाभप्रद साबित होंगी।



**मीन : दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची :** मीन राशि के जातकों के लिए यह सप्ताह गुडलक लिए हुए है। इस सप्ताह आपको लंबे समय से चली आ रही किसी समस्या से मुक्ति मिल सकती है। कोर्ट-कचहरी से जुड़े मामलों में फैसला आपके पक्ष में आ सकता है। सरकारी योजना आदि में फंसा हुआ आपका पैसा वापस मिल सकता है। कुल मिलाकर आर्थिक, शारीरिक और मानसिक स्थिति में उन्नति होगी। नौकरीपेशा लोगों के लिए समय बेहद शुभ है। इस सप्ताह आपको कठिन परिश्रम करने पर उसका पूरा फल प्राप्त होगा। अधिकारीगण आपके काम की सराहना करते हुए आपको पदोन्नति का पुरस्कार दे सकते हैं।

# ब्रह्मोस मिसाइलों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' में पाकिस्तान को सबक सिखाया : योगी आदित्यनाथ



**ललितपुर:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा की सराहना करते हुए शनिवार को कहा कि स्वदेशी तकनीक से विकसित ब्रह्मोस मिसाइलों ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान पाकिस्तान को 'मुंहतोड़ जवाब' दिया। आदित्यनाथ ने ललितपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए दावा किया कि उत्तर प्रदेश में निर्मित ब्रह्मोस मिसाइलों ने 'पाकिस्तान को मदद की गुहार लगाने और खुद को बचाने की भीख मांगने पर मजबूर कर दिया।' मुख्यमंत्री ने 1,766 करोड़ रुपये की लागत वाली 221 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास करने के बाद सभा को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने घोषणा की कि उत्तर प्रदेश का पहला फार्मा पार्क ललितपुर में स्थापित किया जाएगा। उन्होंने कहा, 'राज्य के पहले फार्मा पार्क की स्थापना के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।' हाल में हुए अमेरिका-ईरान संघर्ष का उल्लेख करते हुए आदित्यनाथ ने कहा कि इस संघर्ष के कारण वैश्विक स्तर पर ईंधन आपूर्ति प्रभावित हुई, लेकिन मोदी सरकार के प्रयासों से भारत में ऊर्जा संकट पैदा नहीं हुआ। आदित्यनाथ ने कहा, 'अमेरिका-ईरान संघर्ष के दौरान दुनिया भर में ईंधन आपूर्ति बाधित हुई। मोदी जी के नेतृत्व में ऐसे कदम उठाए गए, जिनसे देश को ऊर्जा संकट का सामना नहीं करना पड़ा। लोगों को राहत मिली और महंगाई भी नियंत्रण में रही।' मुख्यमंत्री ने कहा, 'ब्रह्मोस मिसाइलें उत्तर प्रदेश में बनाई जा रही हैं। जब 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान इनका इस्तेमाल किया गया तो पाकिस्तान को ऐसा करारा झटका लगा कि वह मदद की गुहार लगाने और खुद को बचाने की भीख मांगने पर मजबूर हो गया। यह नए भारत की ताकत है और इसे प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व से शक्ति मिलती है।'' उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश, विशेष रूप से बुंदेलखंड क्षेत्र में उल्लेखनीय विकास हुआ है।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया मां बगुलामुखी का दर्शन-पूजन



**दतिया/ललितपुर:** बुंदेलखंड क्षेत्र में विभिन्न विकास परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रमों में शामिल होने पहुंचे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को मध्यप्रदेश के दतिया स्थित प्रसिद्ध पीतांबरा पीठ में मां बगुलामुखी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। दतिया हवाई पट्टी पर पहुंचने पर मध्यप्रदेश के पूर्व गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने मुख्यमंत्री योगी का स्वागत किया। इसके बाद मुख्यमंत्री सीधे पीतांबरा पीठ पहुंचे, जहां उन्होंने मां बगुलामुखी के दर्शन कर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मुख्यमंत्री ने पीतांबरा पीठ परिसर में स्थित वनखण्डेश्वर महादेव मंदिर में भी मंत्रोच्चार के बीच जलाभिषेक कर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया। धार्मिक अनुष्ठानों के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ विकास परियोजनाओं के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम में भाग लेने के लिए उत्तर प्रदेश के ललितपुर रवाना हो गए। ललितपुर पहुंचने पर उन्होंने ऐतिहासिक तुवन मंदिर में दर्शन-पूजन किया। इस अवसर पर मंदिर के पुजारी, महंत एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# मुझे और मेरे पिता को मारने की साजिश रची जा रही है : तेज प्रताप



**पटना:** जनशक्ति जनता दल (जेजेडी) के प्रमुख तेज प्रताप यादव ने अपने पूर्व सहयोगी आकाश यादव और उसके परिवार के सदस्यों के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराते हुए उन पर अपनी तथा अपने पिता लालू प्रसाद की हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया है। तेज प्रताप ने शुक्रवार को सचिवालय पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, ''मेरी शिकायत के आधार पर आकाश यादव, उसकी बहन अनुष्का यादव और छह अन्य लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई है। वे मेरी छवि खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। मेरे पिता लालू प्रसाद जी अस्वस्थ हैं। ये लोग मेरी और मेरे पिता की हत्या की साजिश रच रहे हैं।' उन्होंने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से उन्हें पर्याप्त सुरक्षा उपलब्ध कराने का अनुरोध किया। शिकायत में नामजद लोगों में अनुष्का यादव भी शामिल हैं। तेज प्रताप ने अपनी शादीशुदा स्थिति के बावजूद अनुष्का के साथ संबंध होने का दावा किया था। इस घटनाक्रम के बाद तेज प्रताप के पिता लालू प्रसाद ने उन्हें राष्ट्रीय जनता दल (राजद) से निष्कासित कर दिया था। पूर्व मंत्री तेज प्रताप ने हालांकि बाद में अपने दावे को वापस लेते हुए कहा था कि उनके सोशल मीडिया खाते के 'हैक' हो जाने के कारण भ्रम की स्थिति पैदा हुई। तेज प्रताप ने यह भी दावा किया कि कथित खतरा किसी व्यापक राजनीतिक साजिश का हिस्सा हो सकता है। उन्होंने आरोप लगाया, 'संभव है कि आकाश यादव विपक्ष के साथ मिलकर मेरी हत्या करवाना चाहता हो।' तेज प्रताप द्वारा शिकायत दर्ज कराए जाने से पहले आकाश यादव ने भी राजधानी स्थित पाटलिपुत्र थाने में जेजेडी प्रमुख के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी।

## झारखंड: माओवादियों के नाम पर अपहरण की कोशिश नाकाम, छह लोगों को बचाया गया, दो गिरफ्तार

**चतरा:** झारखंड के चतरा जिले में माओवादियों के नाम पर फिरौती के लिए अपहरण की कोशिश को नाकाम कर दिया गया और दो महिलाओं समेत छह लोगों को बदमाशों के चंगुल से बचाया गया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने इस मामले में दो लोगों को गिरफ्तार किया है और तीन अन्य को हिरासत में लिया है। शुक्रवार रात सिमरिया थाना क्षेत्र के हड़गड़ी जंगल में पुलिस और आरोपियों के बीच संक्षिप्त मुठभेड़ भी हुई। पुलिस के अनुसार, सूचना मिली थी कि कुछ अज्ञात बदमाशों ने माओवादियों के नाम पर टंडवा थाना क्षेत्र के तेलियाडीह गांव से छह लोगों का अपहरण कर लिया है। आरोपियों ने उन्हें हड़गड़ी जंगल में बंदूक का भय दिखाकर बंधक बना रखा था और उनकी रिहाई के लिए एक लाख रुपये की फिरौती मांग रहे थे।

## पटना में दो महिलाओं के साथ सामूहिक दुष्कर्म

**पटना:** पटना के नौबतपुर इलाके में अज्ञात लोगों ने कथित तौर पर दो महिलाओं के साथ समूहिक दुष्कर्म किया। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पत्रकारों से बातचीत में फुलवारी शरीफ के अनुमंडलीय पुलिस अधिकारी ने कहा, 'पुलिस को सूचना मिली कि शुक्रवार को नौबतपुर क्षेत्र में दो महिलाओं के साथ कथित तौर पर सामूहिक दुष्कर्म किया गया। यह घटना शुक्रवार शाम को हुई।' उन्होंने कहा, 'स्थानीय पुलिस अधिकारी तुरंत घटनास्थल पर पहुंचे और पीड़ित महिलाओं के बयान दर्ज किए। दोनों महिलाओं को चिकित्सीय जांच के लिए भेज दिया गया है।' उनके बयानों के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और संदिग्धों को पकड़ने के लिए तलाश अभियान शुरू कर दिया गया है। उन्होंने कहा, 'मामले की जांच के लिए एसआईटी का गठन किया गया है। जांच अधिकारी फॉरेंसिक विशेषज्ञों की भी मदद ले रहे हैं। पुलिस मामले की हर पहलू से जांच कर रही है।'

## बिहार सरकार ने क्रिकेटर आकाश दीप और मुकेश कुमार को डीसीपी नियुक्त करने की प्रक्रिया शुरू की



**पटना:** बिहार सरकार ने राज्य के उत्कृष्ट खिलाड़ियों की भर्ती नीति के तहत क्रिकेटर आकाश दीप और मुकेश कुमार को पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) नियुक्त करने की प्रक्रिया शुरू की है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सामान्य प्रशासन विभाग (जीएडी) ने गृह विभाग से दोनों टेस्ट क्रिकेटरों के नामों की इस पद के लिए सिफारिश की थी। गोपालगंज जिले के मुकेश कुमार तेज गेंदबाज हैं। उन्होंने 2023 में कैरेबियाई दौरे के दौरान अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। रोहतास जिले के आकाश दीप भी गेंदबाज हैं, जिन्होंने 2024 में पहली बार टेस्ट क्रिकेट खेला था। जीएडी के बयान में कहा गया है कि दोनों खिलाड़ी 2022 में चीन के हांगझोउ में आयोजित 19वें एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय क्रिकेट टीम के सदस्य भी रहे हैं। उन्हें पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) (वेतन स्तर-नौ) नियुक्त करने के लिए अनुशंसित किया गया है। जीएडी की ओर से जारी पत्र के अनुसार, यह अनुशंसा बिहार उत्कृष्ट खिलाड़ी प्रत्यक्ष नियुक्ति (संशोधन) नियमावली, 2026 के तहत की गई है। बिहार मंत्रिमंडल ने बुधवार को इन नियमों की अधिसूचना के मसौदे को मंजूरी दी थी। मेधावी खिलाड़ियों की भर्ती के लिए गठित चयन समिति की सिफारिश के बाद नियुक्ति का प्रस्ताव गृह विभाग को भेजा गया।

## राजस्थान में ग्रामीण सेवा शिविरों का अधिकतम लाभ उठाएं लोग : भजनलाल शर्मा



**जयपुर:** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों से राज्य सरकार द्वारा आयोजित सेवा शिविरों का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान करते हुए शनिवार को कहा कि इनका उद्देश्य प्रत्येक पात्र व्यक्ति तक सरकारी कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। शर्मा ने पाली जिले के एक राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित ग्रामीण सेवा शिविर का दौरा किया और विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए काउंटरों क ा निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लाभार्थियों से भी बातचीत की। सभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार नागरिकों को उनके घर के निकट ही राहत और विभिन्न सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए राजस्थान भर में ग्रामीण एवं शहरी सेवा शिविरों का आयोजन कर रही है। उन्होंने कहा कि इन शिविरों के माध्यम से किसानों, श्रमिकों, गरीबों, महिलाओं, दिव्यांगजन तथा समाज के अन्य वर्गों को विभिन्न सरकारी योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा, ''शिविरों में सरकारी दस्तावेजों में सुधार जैसे कार्य किए जा रहे हैं, जिससे पात्र लोगों को बिना किसी प्रक्रियागत बाधा के योजनाओं का लाभ मिल सके। नाम संशोधन, भूमि अभिलेखों का नामांतरण और पेंशन सत्यापन जैसी सेवाएं भी उपलब्ध कराई जा रही हैं।'

## अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर 1.43 करोड़ से अधिक छात्र सामूहिक योग सत्र में होंगे शामिल

**लखनऊ:** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के 12वें आयोजन के अवसर पर 21 जून, रविवार को उत्तर प्रदेश के 1.32 लाख से अधिक सरकारी विद्यालयों और 746 कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में अध्ययनरत लगभग 1.43 करोड़ छात्र-छात्राएं सामूहिक योग सत्रों में शामिल होंगे। राज्य सरकार की ओर से शनिवार को जारी एक बयान के अनुसार अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर प्रदेश भर के विद्यालयों में सामूहिक योग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनमें छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षक, शिक्षा मित्र, अनुदेशक और अभिभावक भी हिस्सा लेंगे। कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों में अध्ययनरत 78,000 से अधिक छात्राएं भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगी। इन कार्यक्रमों की प्रभावी निगरानी और समन्वय के लिए बेसिक शिक्षा निदेशक अनिल भूषण चतुर्वेदी को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। बयान में कहा गया है कि योग को जन-जन तक पहुंचाने और स्वस्थ जीवनशैली की आधारशिला बनाने के राज्य सरकार के प्रयास इस वर्ष के आयोजन में भी परिलक्षित होंगे। गांवों से लेकर शहरों तक विद्यालय परिसरों में योग संबंधी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में बेसिक शिक्षा विभाग ने अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के सफल आयोजन के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं।

## उत्तर प्रदेश में जनगणना-2027 का पहला चरण पूरा, मकान-सूचीकरण कार्य शत-प्रतिशत सफल

**लखनऊ:** जनगणना-2027 के पहले चरण के तहत उत्तर प्रदेश में 22 मई से 20 जून 2026 तक चलाया गया मकान-सूचीकरण एवं मकान जनगणना का कार्य निर्धारित समय में शत-प्रतिशत सफलतापूर्वक पूरा कर लिया गया है। शनिवार को जारी एक आधिकारिक बयान में यह जानकारी दी गयी। बयान में इसे प्रदेश के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया गया है। बयान के अनुसार यह कार्य राज्य की सभी प्रशासनिक इकाइयों में संपन्न हुआ, जिनमें 75 जिले, 350 तहसीलें, 17 नगर निगम, 200 नगर पालिका परिषद, 545 नगर पंचायतें, 13 छावनी परिषद, आठ औद्योगिक टाउनशिप तथा 1195 चार्ज शामिल हैं। यह कार्य लगभग 1.04 लाख गांवों एवं 14,983 वार्डों के 3,90,717 मकान-सूचीकरण ब्लॉकों में पूरा किया गया, जिसमें लगभग पांच लाख प्रगणकों और पर्यवेक्षकों ने सक्रिय भूमिका निभाई। जनगणना कार्य निदेशालय, उत्तर प्रदेश ने इस सफल अभियान के लिए मुख्य सचिव, उत्तर प्रदेश शासन तथा भारत के महारजिस्ट्रार एवं जनगणना आयुक्त के नेतृत्व और मार्गदर्शन के प्रति आभार व्यक्त किया है। इस कार्य में राज्य सरकार के विभिन्न विभागों, जिलाधिकारियों, नगर आयुक्तों, जिला जनगणना अधिकारियों, प्रभारी अधिकारियों और अन्य कर्मचारियों के योगदान को सराहनीय बताया गया है। एनआईसी के जिला सूचना विज्ञान अधिकारियों के तकनीकी सहयोग की भी विशेष प्रशंसा की गई है। निदेशालय ने कहा कि इस अभियान की सफलता प्रगणकों और पर्यवेक्षकों के अथक परिश्रम पर आधारित रही, जिन्होंने अत्यधिक गर्मी के बावजूद अपने दायित्वों का कुशलतापूर्वक निर्वहन किया। इसके साथ ही मीडिया प्रतिनिधियों द्वारा अभियान के व्यापक प्रचार-प्रसार और आम जनता द्वारा प्रगणकों का सहयोग करते हुए आवश्यक सूचनाएं उपलब्ध कराने के लिए आभार व्यक्त किया गया।

## झारखंड: नीट-स्नातक पुनर्परीक्षा के लिए सुरक्षा बढ़ाई गई, सीसीटीवी और जैमर लगाए गये


**रांची:** झारखंड में रविवार को होने वाली राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट)-स्नातक (यूजी) की पुनर्परीक्षा के सभी परीक्षा केंद्र सीसीटीवी निगरानी में रहेंगे और इन केंद्रों पर मोबाइल सिग्नल जैमर भी लगाए गए हैं। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि झारखंड में कुल 67 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं और 30,000 से अधिक अभ्यर्थियों के परीक्षा में शामिल होने की उम्मीद है। रांची में परीक्षा 21 केंद्रों पर आयोजित की जाएगी। रांची जिला प्रशासन के एक अधिकारी ने बताया कि राज्य की राजधानी में सभी परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर के दायरे में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि यह आदेश परीक्षा वाले दिन दोपहर 12 बजे से प्रभावी होगा और रविवार को रात आठ बजे तक सख्ती से लागू रहेगा। आदेश के मुताबिक, सरकारी अधिकारियों, सरकारी कार्यक्रमों और अंतिम संस्कार में शामिल होने वाले लोगों को छोड़कर परीक्षा केंद्रों के पास पांच या उससे अधिक लोगों के एकत्र होने या सार्वजनिक सभाएं आयोजित करने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। आदेश में बताया गया कि इस अवधि के दौरान हथियार, लाठी, धनुष-बाण या धारदार हथियार ले जाने और लाउडस्पीकर के इस्तेमाल पर भी रोक लगाई गई है। जमशेदपुर में परीक्षा आठ केंद्रों पर आयोजित की जाएगी और करीब 4,200 अभ्यर्थियों के परीक्षा में शामिल होने की उम्मीद है।

## देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था के आधार हैं बीएलओ : मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार



**जयपुर:** देश के मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने बूथ स्तर के अधिकारियों (बीएलओ) को भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था की नींव बताते हुए चुनावी प्रक्रिया में उनके योगदान की सराहना की है। उन्होंने शनिवार को यहां आयोजित 'बीएलओ संवाद' कार्यक्रम में राजस्थान के लगभग 700 बीएलओ और पर्यवेक्षकों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी बीएलओ उनके परिवार का हिस्सा हैं और लोकतंत्र को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने राजस्थान के बीएलओ की सराहना करते हुए कहा कि मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) प्रक्रिया में भाग लेने वाले 12 राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में राजस्थान ने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया है। सीईसी ने कहा, ''भारत में सभी चुनाव संविधान और कानून के अनुसार स्वतंत्र, निष्पक्ष और पारदर्शी तरीके से कराए जाते हैं।' उन्होंने कहा कि भारत इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय लोकतंत्र और चुनाव सहायता संस्थान (आईडीईए) की अध्यक्षता कर रहा है। यह संगठन दुनिया के सभी देशों में स्थायी, सशक्त और समावेशी लोकतंत्र को बढ़ावा देने वाली संस्था है। ज्ञानेश कुमार ने कहा कि हाल के वर्षों में चुनावों में मतदाताओं की बढ़ती भागीदारी यह दर्शाती है कि देश के नागरिकों का लोकतांत्रिक प्रक्रिया एवं निर्वाचन आयोग पर विश्वास लगातार बढ़ रहा है। उन्होंने राजस्थान सरकार द्वारा बीएलओ को अतिरिक्त मानदेय दिए जाने के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि निर्वाचन आयोग की सफलता जमीनी स्तर के अधिकारियों पर निर्भर करती है। सीईसी ने कहा, 'सामान्य परिस्थितियों में निर्वाचन आयोग एक संस्थागत ढांचे के रूप में कार्य करता है, लेकिन चुनाव के दौरान यह लगभग 1.8 करोड़ अधिकारियों और कर्मचारियों की भागीदारी के साथ दुनिया का सबसे बड़ा चुनावी संगठन बन जाता है। इस विशाल व्यवस्था में बीएलओ सबसे महत्वपूर्ण जमीनी स्तर के कार्यकर्ता हैं।' ज्ञानेश कुमार ने कहा कि देश की चुनावी प्रणाली को मजबूत बनाने और चुनाव प्रबंधन में सुधार के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस कार्यक्रम के दौरान बीएलओ और पर्यवेक्षकों ने अपने अनुभव साझा किए और चुनाव प्रक्रिया को अधिक प्रभावी बनाने के सुझाव दिए।

## वर्ग पहेली नं. 3475



*ऊपर से नीचे:-* 1) ख़ाली; निठल्ला; आजीविका-हीन, 2) भोज, 3) दफा, 4) डाकू, 7) बड़प्पन, 9) खिसकना, 11) फिसलन, 12) विश्वासघाती; कृतघ्न, 14) पुनरागत, 17) असली, 18) कड़ा, 19) मीठापन, 20) सुविधा, 23) उलाहना; शिकायत, 24) मोहक, एक-एक.

*(उत्तर: अगले अंक में)*

*बायें से दायें:-* 1) निरर्थक, 3) मतभिन्नता, 5) टेढ़ा-मेढ़ा, 6) आपत्ति, 8) संतोष, 10) गुरुद्वारा, 13) बिदाई, 15) दयालु, 16) जानकारी, 17) हकलाना, 19) उद्देश्य से; कुँवारी; बहाना; अध्यापिका, 20) आशा, 21) विश्वासघात, 22) वर्षगाँठ, 25) खलबली, 26) दया.

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ब | लि | दा | न | ■ | त | ज | र | बा | ■ |
| द | ■ | व | ■ | क | ल | मा | ■ | री | स |
| दु | ■ | त | मा | म | ■ | ना | क | ■ | र |
| आ | स | ■ | न्य | ■ | मी | ■ | मा | यू | स |
| ■ | रा | ह | ■ | अ | न | श | न | ■ | री |
| ■ | स | मा | प | न | ■ | र | ■ | हा | नि |
| स | र | ल | ■ | व | र्ण | मा | ला | ■ | गा |
| ब | ■ | ■ | शू | र | ■ | ना | ■ | बाँ | ह |
| क़ | ■ | अ | न्य | त | र | ■ | घू | स | ■ |

Mob. No. 08329510310

## सुडोकू-पहेली-3434

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | | | | | | | 5 | 3 |
| 6 | | | | 2 | | 4 | | |
| | | 4 | | 6 | 1 | | | |
| | | | 2 | 3 | 4 | | | 1 |
| | 9 | 8 | | | 7 | | | |
| | | | 5 | | | 3 | 6 | 7 |
| | 6 | | | 5 | | | 9 | 2 |
| 1 | | 3 | 8 | | | 5 | | |
| 9 | 8 | | 4 | 7 | 2 | 1 | | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 3433 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 6 | 3 | 1 | 5 | 2 | 4 | 8 | 9 |
| 4 | 9 | 5 | 7 | 6 | 8 | 3 | 2 | 1 |
| 2 | 1 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 | 7 |
| 3 | 5 | 9 | 8 | 7 | 6 | 2 | 1 | 4 |
| 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 4 | 6 | 3 | 5 |
| 6 | 2 | 4 | 3 | 1 | 5 | 9 | 7 | 8 |
| 1 | 8 | 2 | 5 | 4 | 3 | 7 | 9 | 6 |
| 9 | 4 | 7 | 6 | 2 | 1 | 8 | 5 | 3 |
| 5 | 3 | 6 | 9 | 8 | 7 | 1 | 4 | 2 |


SHYAM STEEL
macaw
PAINTS
A PRODUCT FROM
SHYAM STEEL
SINCE 1953
स्वस्थ मन, मजबूत बंगाल
International day of yoga
21st June
Yoga for Harmony & Peace
शक्ति की नींव पर, प्रगति के रंगों के साथ,
एक उज्ज्वल भविष्य गढ़ रहा है बंगाल।
पश्चिम बंगाल दिवस की हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाई।
श्री अमित शाह
माननीय केंद्रीय गृह मंत्री
श्री नरेन्द्र मोदी
माननीय प्रधानमंत्री
श्री सुवेंदु अधिकारी
माननीय मुख्यमंत्री, पश्चिम बंगाल
श्री समिक भट्टाचार्य
माननीय सांसद, राज्यसभा
This is a privately sponsored message. No endorsement or official association is intended or implied.

# स्कूलों में पढ़ाया जाए 'हिंदू नरसंहार' और बंगाल विभाजन का इतिहास : मंत्री तापस राय

❑ मंत्री ने पाठ्यक्रम में इतिहास शामिल करने की मांग की
❑ विधानसभा में मनाया गया पश्चिम बंगाल दिवस

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में नई सरकार के गठन के बाद शिक्षा व्यवस्था और पाठ्यक्रम में व्यापक बदलाव की संभावनाओं के बीच राज्य के उद्योग मंत्री तापस राय ने एक महत्वपूर्ण और विवादास्पद प्रस्ताव रखा है। शनिवार को पश्चिम बंगाल दिवस के अवसर पर विधानसभा में बोलते हुए उन्होंने मांग की कि स्कूलों के पाठ्यक्रम में कोलकाता, ढाका और नोआखाली में हुए सांप्रदायिक नरसंहारों तथा बंगाल विभाजन के दौरान हिंदुओं पर हुए अत्याचारों के इतिहास को शामिल किया जाए। तापस राय ने कहा कि तत्कालीन बंगाल के मुस्लिम नेता हुसैन शहीद सुहरावर्दी के उकसावे की वजह से कोलकाता में बड़े पैमाने पर हिंसा हुई थी और उसके बाद नोआखाली तथा ढाका में हिंदुओं के खिलाफ अत्याचारों का दौर चला। उनका आरोप था कि यह इतिहास नई पीढ़ी को नहीं पढ़ाया जाता और पाठ्यपुस्तकों में इसका पर्याप्त उल्लेख नहीं है। उन्होंने मुख्यमंत्री से आग्रह किया कि इस 'विस्मृत अध्याय' को स्कूली शिक्षा का हिस्सा बनाया जाए। विधानसभा में पश्चिम बंगाल दिवस के महत्व को रेखांकित करते हुए उद्योग मंत्री तापस राय ने इतिहास के पन्नों को पलटते हुए सुहरावर्दी शासनकाल की क्रूरता का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि सुहरावर्दी के इशारे पर तत्कालीन निष्क्रिय पुलिस के सामने कोलकाता की सड़कों पर 10 हजार से अधिक बेगुनाह लोगों की हत्या कर दी गई थी, जिसके बाद ढाका और नोआखाली में भयानक हिंदू नरसंहार हुआ। राय ने अफसोस जताते हुए कहा कि इस दर्दनाक और महत्वपूर्ण इतिहास को वर्तमान पाठ्यपुस्तकों से पूरी तरह गायब कर दिया गया है। उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष के माध्यम से मुख्यमंत्री से अनुरोध किया कि इस इतिहास को नए पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाया जाए।



❑ केंद्रीय एवं राज्य शिक्षा मंत्रियों ने बयान का किया समर्थन

इस मांग को राज्य के मंत्री शंकर घोष और केंद्रीय मंत्री सुकांत मजूमदार ने भी समर्थन दिया। सुकांत ने कहा कि यदि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने पश्चिम बंगाल के गठन के लिए संघर्ष न किया होता, तो आज बंगाल का राजनीतिक और सामाजिक स्वरूप अलग होता। उन्होंने आरोप लगाया कि स्वतंत्रता और विभाजन के दौर में मुखर्जी की भूमिका को इतिहास से व्यवस्थित रूप से हाशिये पर डाल दिया गया।

## न्यूज अपडेट

### अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर पश्चिम बंगाल-सिक्किम में 65 हजार एनसीसी कैडेटों ने किया योगाभ्यास




**कोलकाता, समाज्ञा :** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 2026 के अवसर पर पश्चिम बंगाल एवं सिक्किम में राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) के 65 हजार से अधिक कैडेटों ने योग कार्यक्रमों में भाग लिया। 18 से 21 जून के बीच निदेशालय क्षेत्र के 215 विभिन्न स्थानों पर आयोजित कार्यक्रमों में कैडेटों ने उत्साहपूर्वक योगाभ्यास कर स्वस्थ जीवनशैली और फिटनेस के प्रति अपनी प्रतिबद्धता प्रदर्शित की। मुख्य कार्यक्रम का आयोजन कोलकाता स्थित एनसीसी ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट में एनसीसी पश्चिम बंगाल एवं सिक्किम निदेशालय के तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम में निदेशालय के अतिरिक्त महानिदेशक उपस्थित रहे। योग सत्र का संचालन प्रसिद्ध योग विशेषज्ञ विशारद अंजू मिश्रा ने किया। उन्होंने कैडेटों को विभिन्न योगासन, प्राणायाम और ध्यान का अभ्यास कराया। कार्यक्रम के विशेष अतिथि ओलंपिक पदक विजेता एवं भारतीय टेनिस के दिग्गज लिएंडर पेस रहे। उन्होंने कैडेटों को संबोधित करते हुए अनुशासन, दृढ़ संकल्प और निरंतर प्रयास के महत्व पर जोर दिया। अपने खेल जीवन के अनुभव साझा करते हुए उन्होंने कहा कि कठिन संघर्ष के बाद मिली सफलता सबसे अधिक संतोष देती है। उन्होंने एनसीसी की खेल, फिटनेस और वेलनेस संबंधी पहलों को समर्थन देने की भी बात कही। अधिकारियों ने कहा कि एनसीसी युवाओं में राष्ट्रीय एकता, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता के विकास का महत्वपूर्ण माध्यम है। स्वस्थ वृद्धावस्था के लिए योग विषय पर आधारित यह आयोजन एनसीसी के आदर्श वाक्य एकता और अनुशासन की भावना को भी प्रतिबिंबित करता है।

### जीआरएसई को नवरत्न का दर्जा, रक्षा उत्पादन में उत्कृष्ट प्रदर्शन को मिली राष्ट्रीय मान्यता

जी आर एस ई GRSE

**कोलकाता, समाज्ञा :** केंद्र सरकार ने रक्षा क्षेत्र के प्रमुख सार्वजनिक उपक्रम जीआरएसई को नवरत्न का दर्जा प्रदान किया है। वित्त मंत्रालय के लोक उद्यम विभाग (डीपीई) द्वारा 19 जून 2026 को दी गई इस मान्यता के साथ जीआरएसई देश के चुनिंदा नवरत्न सार्वजनिक उपक्रमों की श्रेणी में शामिल हो गया है। कंपनी के निरंतर उत्कृष्ट वित्तीय प्रदर्शन, उत्पादन क्षमता और रक्षा क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान को देखते हुए यह दर्जा प्रदान किया गया है। जीआरएसई ने पिछले पांच वर्षों में उल्लेखनीय प्रगति दर्ज की है। वित्त वर्ष 2021-22 में कंपनी का परिचालन राजस्व 1,754 करोड़ रुपये था, जो बढ़कर वित्त वर्ष 2025-26 में 7,002 करोड़ रुपये हो गया। वहीं, कर पश्चात लाभ (पीएटी) 190 करोड़ रुपये से बढ़कर 748 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। आत्मनिर्भर भारत और 'मेक इन इंडिया' अभियान को आगे बढ़ाते हुए जीआरएसई ने वर्ष 2025-26 के दौरान आठ युद्धपोतों की डिलीवरी की। इनमें उन्नत निर्देशित मिसाइल फ्रिगेट 'दुनागिरी', सर्वेक्षण पोत 'संशोधक' और एंटी-सबमरीन वारफेयर शैलो वाटर क्राफ्ट 'अग्राय' शामिल हैं, जिन्हें 30 मार्च 2026 को एक ही दिन में भारतीय नौसेना को सौंपा गया था। नवरत्न का दर्जा मिलने से जीआरएसई को निवेश और विस्तार संबंधी निर्णय लेने में अधिक स्वायत्तता प्राप्त होगी। कंपनी वर्तमान में उत्पादन क्षमता बढ़ाने के लिए ब्राउनफील्ड और ग्रीनफील्ड परियोजनाओं पर कार्य कर रही है। जीआरएसई के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक कमोडोर पी.आर. हरि (सेवानिवृत्त) ने कहा कि नवरत्न का दर्जा कंपनी के लिए गर्व और सम्मान का विषय है। उन्होंने इसे कर्मचारियों के समर्पण और सरकार के विश्वास का परिणाम बताते हुए कहा कि इससे रक्षा विनिर्माण में आत्मनिर्भरता को और मजबूती मिलेगी।

### लायन्स क्लब ऑफ कलकत्ता मिडटाउन ने अपने स्वर्ण जयंती वर्ष में 50 नेत्रहीन नागरिकों को दृष्टि प्रदान कर मानव सेवा की




**कोलकाता :** लायन्स क्लब ऑफ कलकत्ता मिडटाउन ने अपने स्वर्ण जयंती वर्ष में सेवा, संकल्प की यशस्वी यात्रा को जारी रखते हुए 50 नागरिकों को अंधत्व की पीड़ा से दूर करते हुए ए आई (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) सक्षम कैमरा चश्मे प्रदान कर दृष्टि प्रदान की। मानव सेवा के प्रति लायन बंधुओं के सेवा कार्य की प्रमुख अतिथि लायन्स इंटरनेशनल के अंतर्राष्ट्रीय निदेशक ए पी सिंह, बोर्ड अपॉइंटी लायन सूरज बागला, संगीता जटिया, विशिष्ट अतिथि जय कुमार कांकरिया, सलोनी साल्वी, मंजू चमड़िया, प्रमिल रूंगटा, कमल मंत्री, विजय जैन ने सराहना की। लायन ए पी सिंह ने इमामी फाउंडेशन द्वारा प्रदत्त ए आई चश्मों की गुणवत्ता को अंधकार में प्रकाश बताया एवं सुशील गोयनका तथा इमामी फाउंडेशन के प्रति आभार व्यक्त किया।

### सिखों के पांचवें गुरु के शहादत पर समाजसेवी मनप्रीत सिंह ने पिलाया शर्बत



**हावड़ा :** सिखों के पांचवें गुरु श्री गुरु अर्जुन देव का शहीद दिवस सिख धर्म के सबसे महत्वपूर्ण बलिदानों में से एक है। उन्होंने 1606 में मुगल शासक जहांगीर के अत्याचारों के आगे झुकने से इंकार कर दिया था और धर्म व सत्य की रक्षा के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिये थे। इस मौके पर सांकराइल के आलमपुर स्थित गुरुद्वारा के बाहर समाजसेवी मनप्रीत सिंह ढिल्लों ने राहगीरों को शर्बत पिलाया। इस दौरान गुरुद्वारा में भजन कीर्तन और लंगर का आयोजन किया गया। इस मौके पर भाजपा नेता वर्णाली ढाली भी पहुंचीं और उन्होंने मनप्रीत सिंह के इस काम को काफी सराहा. इस मौके पर जसप्रीत ढिल्लों, दविंदर सिंह, थाना प्रभारी विश्वजीत बंधोपाध्याय सहित अन्य उपस्थित थे।

### भारत बनेगा वैश्विक स्टील मांग का प्रमुख इंजन : लक्ष्मी मित्तल

**कोलकाता, समाज्ञा :** आर्सेलरमित्तल के कार्यकारी अध्यक्ष लक्ष्मी मित्तल ने कंपनी की 20वीं वर्षगांठ के अवसर पर जारी एक विशेष वीडियो संदेश में भारत को वैश्विक विकास और स्टील मांग का अगला प्रमुख केंद्र बताया है। यह संदेश 15-16 जून को न्यूयॉर्क में आयोजित ग्लोबल स्टील डायनेमिक्स फोरम 2026 में प्रस्तुत किया गया। अपने संबोधन में मित्तल ने कहा कि पिछले दो दशकों में चीन ने वैश्विक स्टील उद्योग के विकास को गति दी, जबकि अब भारत उस भूमिका को निभाने के लिए पूरी तरह तैयार है। उन्होंने कहा कि देश में बड़े पैमाने पर इंफ्रास्ट्रक्चर विकास, तेजी से बढ़ता शहरीकरण, आवास निर्माण और ऊर्जा संक्रमण से जुड़े निवेश स्टील की मांग को नई ऊंचाइयों तक ले जाएंगे। मित्तल ने वर्ष 2006 में मित्तल स्टील और आर्सेलर के ऐतिहासिक विलय को याद करते हुए कहा कि इस कदम ने एक मजबूत, विविधीकृत और लचीली वैश्विक कंपनी का निर्माण किया। इसी मजबूती के कारण कंपनी वैश्विक वित्तीय संकट, कोविड-19 महामारी और वैश्विक बाजारों में आए बड़े बदलावों का सफलतापूर्वक सामना कर सकी। भविष्य को लेकर आशावाद व्यक्त करते हुए मित्तल ने कहा कि उभरते बाजारों में बढ़ती मांग, विकसित देशों में इंफ्रास्ट्रक्चर के नवीनीकरण और ऊर्जा संक्रमण की जरूरतें स्टील उद्योग के लिए दीर्घकालिक अवसर पैदा कर रही हैं।

## एलआईसी ने सुरुचि संघ को भेजा जमीन खाली करने का नोटिस

### पूर्व मंत्री अरूप विश्वास और भाई स्वरूप विश्वास का नाम जुड़ा

**कोलकाता, समाज्ञा**

भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) ने प्रसिद्ध दुर्गापूजा आयोजक सुरुचि संघ क्लब को तत्काल जमीन खाली करने का नोटिस भेजा है। एलआईसी ने आरोप लगाया है कि क्लब उसकी लगभग 21 कट्ठा जमीन पर कब्जा कर वर्षों से दुर्गापूजा आयोजित करता आ रहा है। निगम की ओर से स्पष्ट किया गया है कि 18 जुलाई तक जमीन खाली करनी होगी, अन्यथा कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। इस संबंध में क्लब परिसर की दीवार पर नोटिस भी चस्पा दिया गया है। सूत्रों के अनुसार, न्यू अलीपुर इलाके में हर वर्ष भव्य दुर्गापूजा का आयोजन करने वाला सुरुचि संघ लंबे समय से राज्य के पूर्व मंत्री अरूप विश्वास और उनके भाई स्वरूप विश्वास से जुड़ा रहा है। आम लोगों के बीच यह पूजा 'विश्वास बंधुओं' की पूजा के नाम से भी जानी जाती है। स्वरूप विश्वास क्लब के सचिव रहे हैं और वर्तमान में जेल में बंद हैं। एलआईसी का आरोप है कि जिस जमीन पर वर्षों से पूजा आयोजित हो रही थी, वह उसकी संपत्ति है। इस संबंध में कई बार क्लब प्रबंधन से जमीन वापस मांगी गई, लेकिन कोई समाधान नहीं निकला। इसके बाद, निगम ने अलीपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई। अब जमीन खाली कराने के लिए औपचारिक नोटिस जारी किया गया है। बता दें कि हाल के महीनों में सुरुचि संघ को लेकर कई विवाद सामने आए हैं। क्लब में भ्रष्टाचार और अन्य अनियमितताओं के आरोप लगे थे। एक महिला ने रीजेंट पार्क थाने में शिकायत दर्ज कराते हुए स्वरूप विश्वास पर गंभीर आरोप लगाए थे। स्वरूप विश्वास की गिरफ्तारी के बाद क्लब परिसर में तोड़फोड़ और पोस्टर हटाने की घटनाएं भी सामने आई थीं। अब एलआईसी की ओर से जमीन खाली करने के नोटिस ने इस विवाद को नया मोड़ दे दिया है।

### प्रतिभा, शिक्षा और नेतृत्व का संगम बना एसपीके जैन फ्यूचरिस्टिक अकादमी का स्थापना दिवस समारोह

**कोलकाता, समाज्ञा :** एसपीके जैन फ्यूचरिस्टिक अकादमी का स्थापना दिवस समारोह इस वर्ष रचनात्मकता, प्रतिभा और नेतृत्व के भव्य उत्सव के रूप में मनाया गया। विद्यालय परिसर में आयोजित जेएफए गॉट टैलेंट कार्यक्रम ने विद्यार्थियों को अपनी कला, आत्मविश्वास और रचनात्मक अभिव्यक्ति प्रदर्शित करने का मंच प्रदान किया। कक्षा 4 से 11 तक के विद्यार्थियों ने संगीत, नृत्य और अन्य सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। समारोह को और अधिक सार्थक बनाते हुए आईलीड के चेयरमैन एवं पीएस ग्रुप ऑफ कंपनीज के निदेशक प्रदीप चोपड़ा ने नेतृत्व और वित्तीय साक्षरता पर विशेष व्याख्यान दिया। उन्होंने विद्यार्थियों को नेतृत्व क्षमता, उद्यमिता, निर्णय लेने की योग्यता और वित्तीय जागरूकता के महत्व से अवगत कराते हुए भविष्य के लिए आवश्यक कौशल विकसित करने का संदेश दिया।



इस कार्यक्रम में श्वेताम्बर स्थानकवासी जैन सभा के प्रतिष्ठित सदस्य सुरेन्द्र बंथिया, विनोद कंकारिया, विनोद मिन्नी, प्रदीप पटवा, डॉ. जयेता गांगुली, ललित कंकारिया, जय बोथरा, मनोज भूरा, शशि कंकारिया, प्रदीप चोपड़ा तथा जयदीप पटवा भी उपस्थित रहे। एसपीके जैन फ्यूचरिस्टिक अकादमी की प्राचार्या डॉ. जयेता गांगुली ने कहा, स्थापना दिवस केवल संस्थान की यात्रा का उत्सव नहीं, बल्कि प्रत्येक विद्यार्थी की असीम संभावनाओं का भी उत्सव है। 'जेएफए गॉट टैलेंट' जैसे मंच विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, रचनात्मकता और आत्म-अभिव्यक्ति को प्रोत्साहित करते हैं।

वहीं, एसपीके जैन फ्यूचरिस्टिक अकादमी के सचिव जयदीप पटवा ने कहा, स्थापना दिवस हमारी उपलब्धियों और मूल्यों का प्रतिबिंब है। ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों की प्रतिभा को निखारने के साथ-साथ उन्हें जीवन के महत्वपूर्ण कौशल भी प्रदान करते हैं।

### आरएसपीएल ग्रुप ने पूरे किए 50 वर्ष, कानपुर से वैश्विक बाजारों तक के सफर पर जारी की फिल्म

**कोलकाता, समाज्ञा :** एफएमसीजी क्षेत्र के प्रमुख कारोबारी समूह आरएसपीएल ग्रुप ने अपने संचालन के 50 वर्ष पूरे होने के अवसर पर एक विशेष शॉर्ट फिल्म जारी की है। यह फिल्म कानपुर से शुरू हुए उसके सफर और भारत से लेकर अंतरराष्ट्रीय बाजारों तक स्थापित हुई उसकी पहचान को दर्शाती है। अभिनेता एवं फिल्म निर्माता रजत कपूर की आवाज में प्रस्तुत इस फिल्म में घड़ी डिटर्जेंट के साथ कंपनी की शुरुआत और एक बहुआयामी कारोबारी समूह के रूप में उसके विस्तार की कहानी दिखाई गई है। मुरलीधर ज्ञानचंदानी और बिमल कुमार ज्ञानचंदानी द्वारा स्थापित आरएसपीएल ने बताया कि उसका प्रमुख ब्रांड घड़ी डिटर्जेंट आज देश के 32 प्रतिशत घरों तक पहुंच चुका है। कंपनी ने पिछले पांच दशकों में 24 से अधिक विनिर्माण इकाइयों का नेटवर्क खड़ा किया है तथा नेपाल, बांग्लादेश और इथियोपिया जैसे देशों में भी अपनी मौजूदगी दर्ज कराई है।

### वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी गोवा ने कोलकाता में ओपन हाउस का किया आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** वर्ल्ड पीस यूनिवर्सिटी (डब्ल्यूपीयू) गोवा ने शनिवार को कोलकाता में एक ओपन हाउस कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें छात्रों, अभिभावकों और शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यक्रम में तेजी से बदलते तकनीकी परिदृश्य, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के बढ़ते प्रभाव और उच्च शिक्षा की बदलती जरूरतों पर चर्चा की गई। वक्ताओं ने कहा कि विश्वविद्यालयों की भूमिका अब केवल छात्रों को पहली नौकरी के लिए तैयार करने तक सीमित नहीं रह सकती। संस्थानों को छात्रों में ऐसी क्षमताओं का विकास करना होगा, जिससे वे अपने करियर के विभिन्न चरणों और बदलावों के अनुरूप खुद को ढाल सकें। कार्यक्रम में डब्ल्यूपीयू गोवा के 'ट्रांसडिसिप्लिनरी' शिक्षा मॉडल को प्रमुखता से प्रस्तुत किया गया, जो विषयगत विशेषज्ञता के साथ बहुआयामी सोच और वास्तविक जीवन की चुनौतियों के समाधान पर जोर देता है। विश्वविद्यालय वर्तमान में बी.टेक. (कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग), बीएमएस (ऑनर्स), बी.डेस. और बी.एससी. (ऑनर्स) मनोविज्ञान सहित विभिन्न स्नातक पाठ्यक्रम संचालित कर रहा है।

### पश्चिम बंगाल स्थापना दिवस पर भाजपा बस्ती उन्नयन सेल ने किया कार्यक्रम का आयोजन



**हावड़ा, समाज्ञा :** वार्ड नंबर 1 के बंधाघाट में भारतीय जनता पार्टी पश्चिम बंगाल बस्ती उन्नयन सेल के सह-संयोजक ध्रुव अग्रहरि के नेतृत्व में पश्चिम बंगाल स्थापना दिवस मनाया गया। इस अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया गया और उपस्थित लोगों ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी अमर रहे के नारे लगाए। कार्यक्रम के दौरान लोगों का मुंह मीठा कराकर समारोह का समापन किया गया। इस कार्यक्रम में कमल दुबे, नीरज सिंह, टिंकू बेरी, ओमप्रकाश सिंह, सुनील शॉ, संदीप खरवार, पंकज अग्रहरि और शिवनंदन वर्मा सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### कांग्रेस ने बंगाल में जुल्फिकार अली को विधायक दल का नेता बनाया

**नयी दिल्ली/कोलकाता :** कांग्रेस ने शनिवार को पश्चिम बंगाल विधानसभा के अपने सदस्य जुल्फिकार अली को विधायक दल का नेता नियुक्त किया। पार्टी की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने अली की नियुक्ति को स्वीकृति प्रदान की। पार्टी ने मुताब शेख को उपनेता बनाया है। जुल्फिकार अली मुर्शिदाबाद जिले के रानीनगर विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित हुए हैं, जबकि शेख इसी जिले की फरक्का सीट से चुने गए हैं।

### महिंद्रा फार्म इक्विपमेंट बिजनेस ने 70 लाख ट्रैक्टर उत्पादन का ऐतिहासिक आंकड़ा पार किया

**कोलकाता :** महिंद्रा समूह के अंतर्गत आने वाले महिंद्रा फार्म इक्विपमेंट बिजनेस (एफईबी) ने 70 लाख कृषि ट्रैक्टरों के उत्पादन का ऐतिहासिक मील का पत्थर हासिल कर लिया है । मात्रा के आधार पर दुनिया की सबसे बड़ी ट्रैक्टर निर्माता कंपनी महिंद्रा के लिए यह उपलब्धि कृषि यंत्रीकरण को बढ़ावा देने और भारत सहित दुनिया भर के लाखों किसानों की समृद्धि सुनिश्चित करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस उपलब्धि पर टिप्पणी करते हुए राजेश जेजुरिकर, एग्जीक्यूटिव डायरेक्टर एवं सीईओ, ऑटो एवं फार्म इक्विपमेंट बिजनेस (एएफएस), एमएंडएम लिमिटेड ने कहा , जैसे-जैसे भारत विकसित भारत के अपने लक्ष्य की ओर आगे बढ़ रहा है, कृषि क्षेत्र का परिवर्तन राष्ट्र निर्माण का प्रमुख आधार बना रहेगा। वहीं विजय नाकरा, प्रेसिडेंट, फार्म इक्विपमेंट बिजनेस, एमएंडएम लिमिटेड ने कहा, 70 लाख ट्रैक्टरों का यह मील का पत्थर केवल उत्पादन का आंकड़ा नहीं, बल्कि किसानों द्वारा हमारी ब्रांडों पर जताए गए विश्वास का प्रतीक है।

### NAME CHANGE

I Anand S/o Saugat Mitra R/o Sehara Village, Sehara, Barddhaman, West Bengal - 713423, have changed my name to Anand Mitra

---

It is for general information that I, SOUMYA DUTTA S/o SRIDAM CHANDRA DUTTA, R/o Kachua, Basirhat, Kachua Swarupnagar, PO Kachua, Distt. North 24 Parganas, West Bengal-743424, declare that name of my Mother has been wrongly written as PROTIMA DUTTA in my Passport No Y9514646. The actual name of my Mother is PRATIMA DUTTA, which may be amended accordingly.

### एयरपोर्ट के बाहर हथियार मिलने पर अभिषेक बनर्जी ने उठाए सुरक्षा पर सवाल

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी ने कोलकाता एयरपोर्ट पर कथित रूप से हथियारबंद व्यक्ति के पकड़े जाने की घटना को लेकर राज्य की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल उठाए हैं। अभिषेक बनर्जी ने इंटरनेट मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि शुक्रवार की रात दिल्ली से कोलकाता लौटने के तुरंत बाद एयरपोर्ट परिसर में एक चौंकाने वाली घटना हुई। कुछ हथियारबंद लोगों को पकड़ा गया, जिससे सुरक्षा व्यवस्था और कुछ लोगों की मंशा को लेकर गंभीर चिंताएं पैदा हो गई हैं। उन्होंने आगे आरोप लगाया कि इस घटना को मुख्यधारा के मीडिया में पर्याप्त कवरेज नहीं मिल रही है।

### अकादमिक ब्रिलियंस अवार्ड्स 2026 में 500 मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान

**हावड़ा, समाज्ञा :** जैन ट्यूटोरियल्स द्वारा आयोजित एवं श्री बहुबली स्टॉक ब्रोकिंग लिमिटेड द्वारा प्रस्तुत अकादमिक ब्रिलियंस अवार्ड्स 2026 का आयोजन शनिवार को शरत सदन में भव्य रूप से संपन्न हुआ। इस अवसर पर हावड़ा, कोलकाता एवं आसपास के क्षेत्रों के 500 मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने कक्षा 10 एवं 12 की बोर्ड परीक्षाओं में 85% या उससे अधिक अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट शैक्षणिक उपलब्धि हासिल की। कार्यक्रम को राज्य मंत्री उमेश राय का आशीर्वाद प्राप्त हुआ। उनके साथ संजय सिंह, प्रकाश चांडालिया, जतनलाल पारख एवं मीना देवी पुरोहित भी उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथियों में बाबूलाल दुगार, विजय सिंह दुगार, मनोज कोठारी, वी. एन. अग्रवाल, राजेश जिंदल, अनीता हिरावत, सुरेश भूतड़ा,




साकार जालान, सुशील डोकानिया एवं रवि वर्मा शामिल थे। प्रस्तुतकर्ता प्रायोजक संस्था की ओर से अजीत जैन एवं निरेन जैन ने कार्यक्रम में सहभागिता की। कार्यक्रम के दौरान पश्चिमबंग दिवस भी मनाया गया तथा जैन ट्यूटोरियल्स के नव-योग्य चार्टर्ड अकाउंटेंट्स पियूष दुगर, आयुषी अग्रवाल, प्रज्ञा गिरिया, ऋषभ गिरिया, अमन अग्रवाल, प्रतीक झुनझुनवाला, दिया जायसवाल एवं निशिता अग्रवाल को विशेष रूप से सम्मानित किया गया। सम्मानित विद्यार्थियों के लिए उपहारों का प्रायोजन ग्रेट ईस्टर्न रिटेल प्राइवेट लिमिटेड द्वारा किया गया। इस अवसर पर जैन ट्यूटोरियल्स के संस्थापक एवं निदेशक गौतम दुगार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता प्राप्त करने के लिए अनुशासन, निरंतर परिश्रम तथा सतत सीखने की भावना अत्यंत आवश्यक है।

### PUBLIC NOTICE

This notice is hereby given to all concerns that my client, **SURAJ KUMAR YADAV**, son of Late **Raj Kumar Yadav**, proprietor of **SWAYAMVARRAJ CONSTRUCTION**, having it's office at 20, Rajendra Mullick Street, Police Station Girish Park Kolkata- 700007 has lost and/or misplaced Two Deeds in connection to premises no. 82C, Tarak Pramanick Road, Police Station Girish Park, Kolkata-700006, from his residence on or about dated 16/06/2026. The details of the said Deeds are as follows:

| Date | Being No | Book No, Volume No. & Pages | Registration Office |
|---|---|---|---|
| 12.07.1943 | 1865 | 1, 56, 127 to 135 | Registrar of Calcutta |
| 08.05.1956 | 2237 | 1, 65, 168 to 172 | Sub-Registrar of Calcutta |

That my client has lodged a formal complaint before Girish Park Police Station recorded vide GDE NO.1386, dated 17/06/2026.

That anyone having any claim in respect of, against or to the right, title or interest or whatsoever nature in respect of the aforesaid Two Deeds is requested to notify the same in writing, to the undersigned together, with supporting documents WITHIN A PERIOD OF 10 DAYS from the date of publication of this notice. In the event no such objection or claim/s is received within the time stated above, it will be presumed that the above mentioned property mentioned in the Deeds are free from all encumbrances and any claim/s or objections henceforth, if any, shall be considered as waived and/or discharged forever and my client shall enjoy the right, title, interest in respect of the properties absolutely and forever.

Regards,
Sd/- Manju Jaiswal, Advocate,
High Court, Calcutta,
2 & 3, K.S Roy Road, 4th Floor,
Kolkata-700001.
Ph-9831578313.

### गोवा में बनेगा भारत का पहला ध्रुवीय एवं महासागर संग्रहालय

**कोलकाता :** क्रिएटिव म्यूजियम डिजाइनर्स (सीएमडी) और गोवा स्थित राष्ट्रीय ध्रुवीय एवं महासागर अनुसंधान केंद्र (एनसीपीओआर) के बीच भारत के पहले ध्रुवीय एवं महासागर संग्रहालय के निर्माण को लेकर समझौता ज्ञापन (एमओए) पर हस्ताक्षर किया गया है। सीएमडी, राष्ट्रीय विज्ञान संग्रहालय परिषद (एन-सीएसएम), संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन संचालित एक पूर्ण स्वामित्व वाली सेक्शन-8 कंपनी है। यह संग्रहालय देश में ध्रुवीय एवं महासागरीय अनुसंधान की उपलब्धियों, विज्ञान और महत्व को प्रदर्शित करने के उद्देश्य से विकसित किया जाएगा। समझौता हस्ताक्षर समारोह सीएमडी, कोलकाता में आयोजित किया गया। इस अवसर पर एनसीपीओआर के निदेशक डॉ. थम्बन मेलोथ, वैज्ञानिक डॉ. राहुल मोहन (वैज्ञानिक जी एवं समूह निदेशक), डॉ. अविनाश कुमार (वैज्ञानिक ई एवं वैज्ञानिक प्रभारी, आउटरीच एवं सहयोग) तथा रविकांत शर्मा (वैज्ञानिक ई एवं वैज्ञानिक प्रभारी, एस्टेट विभाग) उपस्थित रहे। सीएमडी की ओर से अमिताभ, प्रबंध निदेशक, सीएमडी, सुब्रत कुमार मिश्रा, एमडी सीएमडी के सलाहकार, नटराज दासगुप्ता, क्यूरेटोरियल विशेषज्ञ, देबलिना चक्रवर्ती, क्यूरेटर, पल्लबी करमाकर, उत्पादन एवं डिजाइन कार्यकारी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। गोवा स्थित एनसीपीओआर परिसर में विकसित होने वाला यह संग्रहालय भारत के ध्रुवीय एवं महासागरीय अनुसंधान कार्यक्रमों के विज्ञान, इतिहास और महत्व को आम लोगों तक पहुंचाने का कार्य करेगा।



सीएमडी के प्रबंध निदेशक श्री अमिताभ ने कहा, यह परियोजना विज्ञान, डिजाइन, तकनीक और कहानी कहने की कला को जोड़कर एक ऐसा अनुभव तैयार करेगी, जो जटिल वैज्ञानिक विषयों को सरल और आकर्षक रूप में प्रस्तुत करेगा। यह संग्रहालय भारत के ध्रुवीय एवं महासागरीय अनुसंधान योगदान को दर्शाते हुए सीखने और प्रेरणा का प्रमुख केंद्र बनेगा।

www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
MATRIMONIAL | EDUCATION | OBITUARY
PROPERTY | NAME CHANGE | REMEMBRANCE
RECRUITMENT | PUBLIC NOTICE | DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | samagya.in
230, C. R. Ave, 3rd Floor, Kolkata-700 006, Contact : 7044444522, 7044444527

# श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 125 फीट ऊंची प्रतिमा की जाएगी स्थापित : शुभेंदु अधिकारी

❑ पश्चिम बंगाल दिवस समारोह के मंच से मुख्यमंत्री का बड़ा ऐलान

❑ जिराट में मुखर्जी के पैतृक घर का अधिग्रहण कर वहां बनाया जाएगा स्मारक और पुस्तकालय



**हुगली, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी ने शनिवार को ऐलान किया कि उनकी सरकार डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की विरासत को सहेजने और उनके ऐतिहासिक योगदान को उचित सम्मान दिलाने के लिए ठोस कदम उठाएगी। उन्होंने आरोप लगाया कि पिछली सरकारों ने वर्षों तक 20 जून के ऐतिहासिक महत्व और डॉ. मुखर्जी की भूमिका को दबाने की कोशिश की। हुगली जिले के तारकेश्वर में आयोजित पश्चिम बंगाल दिवस समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और राज्यपाल आरएन की मौजूदगी में मुख्यमंत्री ने कहा कि 20 जून 1947 बंगाल के इतिहास का निर्णायक दिन था, जब अविभाजित बंगाल के विधायकों ने भारत के साथ बने रहने के पक्ष में मतदान किया था। इसी फैसले ने पश्चिम बंगाल राज्य के गठन का रास्ता साफ किया था। इस मंच से मुख्यमंत्री ने डॉ. मुखर्जी की स्मृति को संरक्षित करने के लिए कई बड़े ऐलान किए। उन्होंने कहा कि हुगली जिले के जिराट स्थित उनके पैतृक घर का अधिग्रहण कर वहां एक स्मारक और पुस्तकालय बनाया जाएगा।


इसके अलावा, मुखर्जी की 125वीं जयंती के उपलक्ष्य में कोलकाता में 125 फीट ऊंची उनकी विशाल प्रतिमा स्थापित की जाएगी। मुख्यमंत्री यह भी घोषणा की कि राज्य सरकार 23 जून को डॉ. मुखर्जी का बलिदान दिवस और छह जुलाई को उनकी 125वीं जयंती पूरे सम्मान और गंभीरता के साथ मनाएगी।

# पीएम ने मुख्यमंत्री शुभेंदु को पत्र लिखकर राज्य के विकास को गति देने के लिए सहयोग का दिया भरोसा

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि केंद्र सरकार राज्य की हर संभव मदद करेगी और 'रुकी हुई विकास' परियोजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाने के लिए लगभग 40,000 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। पश्चिमबंग दिवस के मौके पर मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी को लिखे एक पत्र में मोदी ने राज्य में भाजपा की नयी सरकार से विकास के लिए अल्प, मध्यम और लंबी अवधि के लक्ष्य तय करने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि केंद्र सरकार राज्य की हर संभव मदद करेगी। रुके हुए विकास कार्यो (जिनमें जल जीवन मिशन और बुनियादी ढांचे से जुड़े काम शामिल हैं) में तेजी लाने के लिए लगभग 40,000 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि रेलवे के विकास के लिए लगभग 15,000 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं और 60,000 करोड़ रुपये की योजना प्रस्तावित/प्रक्रियाधीन है। उन्होंने पत्र में कहा कि राज्य की रणनीतिक स्थिति इसे व्यापार और कनेक्टिविटी के लिए महत्वपूर्ण प्रवेश द्वार बना सकती है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं राज्य सरकार से आग्रह करता हूं कि वह अल्प, मध्यम और लंबी अवधि के लक्ष्य तय करने के बारे में भी सोचे, जैसे कि अगले कुछ वर्षों, अगले दशक आदि में क्या हासिल किया जाएगा। मोदी ने कहा कि इस तरह हमें प्रगति का वास्तविक आकलन मिल सकेगा और साथ ही इससे 2047 तक 'विकसित भारत' बनाने के लिए 140 करोड़ भारतीयों के सामूहिक प्रयासों को मजबूती मिलेगी। मोदी ने पत्र में कहा कि मैं अभी स्लोवाकिया से लौटा हूं, जहां के गायकों ने यह गीत बहुत खूबसूरती से गाया। यह 'वंदे मातरम' की वैश्विक लोकप्रियता को दर्शाता है! भारतीय जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी के योगदान को सम्मान के साथ याद किए जाने पर जोर देते हुए मोदी ने लिखा कि अनिश्चितता और उथल-पुथल के दौर में उन्होंने उन लोगों की आकांक्षाओं को आवाज दी जो भारत का अभिन्न अंग बने रहना चाहते थे। मुख्यमंत्री और उनकी टीम की कोशिशों के लिए उन्हें बधाई देते हुए मोदी ने कहा कि यह देखकर खुशी हुई कि पश्चिम बंगाल ने आयुष्मान भारत योजना को अपनाया है, यह ऐसा फैसला है जिससे करोड़ों परिवारों को फायदा होगा।

## मिमी चक्रवर्ती ने सुरक्षा की मांग को लेकर कलकत्ता हाईकोर्ट का किया रुख, सोमवार को हो सकती है सुनवाई



**कोलकाता, समाज्ञा :** टॉलीवुड अभिनेत्री व टीएमसी की पूर्व सांसद मिमी चक्रवर्ती ने सुरक्षा की मांग को लेकर कलकत्ता हाई कोर्ट का रुख किया है। इस मामले की सुनवाई सोमवार को न्यायमूर्ति कौशिक चंदा की अदालत में होने की संभावना है। मिमी चक्रवर्ती ने बनगांव के भाजपा नेता तनय शास्त्री के खिलाफ याचिका दायर की है। पूरा मामला 25 जनवरी का है, जब मिमी चक्रवर्ती बनगांव में 'नया गोपालगंज युवक संघ' द्वारा आयोजित एक सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुति देने पहुंची थीं। रात करीब 11:45 बजे वह मंच पर अपनी प्रस्तुति दे रही थीं। आरोप है कि इसी दौरान क्लब के एक पदाधिकारी तनय शास्त्री अचानक मंच पर चढ़ गए। बताया जाता है कि तनय शास्त्री ने कार्यक्रम को बीच में ही रोक दिया और मिमी चक्रवर्ती को मंच से नीचे उतरने के लिए कहा। इस घटना से अभिनेत्री खुद को सार्वजनिक रूप से अपमानित महसूस करने लगीं। कार्यक्रम के तुरंत बाद उन्होंने बनगांव पुलिस थाने में तनय शास्त्री के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई। मिमी चक्रवर्ती की लिखित शिकायत के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की और आरोपी के खिलाफ कदम उठाए। हालांकि, बाद में, तनय शास्त्री को जमानत मिल गई। जमानत पर रिहा होने के बाद उन्होंने भाजपा का दामन थाम लिया। मामला यहीं नहीं रुका। जेल से बाहर आने के बाद तनय शास्त्री ने मिमी चक्रवर्ती के खिलाफ 20 लाख रुपए का मानहानि का मुकदमा भी दायर कर दिया। इसके जवाब में मिमी चक्रवर्ती ने भी उन्हें कानूनी नोटिस भेजा। इस बीच राज्य की राजनीति में बड़ा बदलाव हुआ और पश्चिम बंगाल में भाजपा सत्ता में आ गई। इसी बदले हुए राजनीतिक माहौल और चल रहे कानूनी विवाद के बीच मिमी चक्रवर्ती ने अब अपनी सुरक्षा को लेकर अदालत का दरवाजा खटखटाया है।

# जाली हस्ताक्षर मामला : सीआईडी ने सोवनदेब चट्टोपाध्याय से की पूछताछ

❑ विधायक ने विवादित प्रस्ताव की प्रति सौंपी



**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष की नियुक्ति से संबंधित विधानसभा अध्यक्ष को सौंपे गए एक पत्र पर कथित जाली हस्ताक्षर के मामले की जांच के सिलसिले में अपराध अन्वेषण विभाग (सीआईडी) ने तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ विधायक सोवनदेब चट्टोपाध्याय से उनके आवास पर पूछताछ की। इस दौरान शोभनदेब ने विवादित रेजोल्यूशन (प्रस्ताव) की प्रति भी जांच अधिकारियों को सौंप दी। बता दें कि इससे पहले भी 11 और 17 जून को उनसे इस मामले में पूछताछ की जा चुकी है। सूत्रों के अनुसार, सीआईडी की दो सदस्यीय टीम भवानीपुर स्थित चट्टोपाध्याय के आवास पर पहुंची और उनसे एक घंटे से अधिक समय तक पूछताछ की। चट्टोपाध्याय ने पूछताछ के बाद पत्रकारों से कहा कि वह जांच में पूरा सहयोग देने के लिए तैयार हैं। विधायक ने कहा कि मैं जांच में 200 प्रतिशत से भी अधिक सहयोग करूंगा। लेकिन जिन लोगों ने हस्ताक्षर जालसाजी के आरोप लगाए हैं, उनसे भी पूछताछ की जानी चाहिए क्योंकि प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किए जाने के समय सभी लोग मौजूद थे। उन्होंने नाम लिए बिना बागी नेताओं पर साजिश का आरोप लगाते हुए कहा कि जिन्होंने विधानसभा अध्यक्ष के समक्ष शिकायत की, वही लोग इस पूरे घटनाक्रम के लिए जिम्मेदार हैं। उन्होंने कहा कि सभी को भरोसे में लेकर बैठक बुलाई गई थी, लेकिन कुछ लोगों ने पहले कथित जाली हस्ताक्षर कराए और फिर सीधे अध्यक्ष के पास शिकायत लेकर पहुंच गए।

# तृणमूल ने चार वर्षों में विमान-हेलीकॉप्टर पर खर्च किए 150 करोड़ रुपये

## अभिषेक बनर्जी के हवाई दौरों पर खर्च अधिक

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस ने पिछले चार वर्षों में विमान और हेलीकॉप्टर किराये पर लगभग 150 करोड़ रुपए खर्च किए। चुनाव आयोग को सौंपी गई पार्टी की ऑडिट रिपोर्ट में यह जानकारी सामने आई है। पार्टी सूत्रों के अनुसार, इस खर्च का बड़ा हिस्सा पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी के हवाई दौरों पर हुआ। वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने चुनावी अवधि को छोड़कर अधिकतर सरकारी विमान और हेलीकॉप्टर का उपयोग किया, जिसका खर्च राज्य सरकार ने वहन किया। ऑडिट रिपोर्ट के अनुसार, वर्ष 2022 में विमान किराये पर 35 करोड़ रुपए से अधिक खर्च हुए। 2023 में, यह राशि घटकर लगभग 13 करोड़ रुपए रही। 2024 के लोकसभा चुनाव वर्ष में यह खर्च बढ़कर 56 करोड़ रुपए से अधिक पहुंच गया, जबकि 2025 में कोई बड़ा चुनाव नहीं होने के बावजूद विमान किराये पर 37 करोड़ रुपए से अधिक खर्च किए गए। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में पार्टी का कुल चुनावी खर्च करीब 82 करोड़ रुपए रहा, जिसमें से 46 करोड़ रुपए केवल विमान किराये पर खर्च हुए। यानी चुनावी खर्च का लगभग 56 प्रतिशत हिस्सा हवाई यात्रा पर खर्च किया गया। इस खर्च को लेकर विपक्ष के साथ-साथ पार्टी के भीतर भी सवाल उठने लगे हैं। बेलेघाटा के विधायक तथा पार्टी कार्यसमिति सदस्य कुणाल घोष ने स्पष्ट कहा कि वह पार्टी फंड से निजी जेट के उपयोग का समर्थन नहीं करते।



### विद्रोही खेमे के नेताओं ने उठाया सवाल

वहीं, विद्रोही नेता ऋतब्रत बनर्जी ने सवाल उठाया कि जब जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं को कानूनी सहायता के लिए भी आर्थिक सहयोग नहीं मिल पा रहा है, तब इस तरह का खर्च कितना उचित है। विद्रोही खेमे के नेताओं ने यह भी सवाल उठाया कि सांसद होने के नाते अभिषेक बनर्जी को बिजनेस क्लास हवाई यात्रा की सुविधा मिलने के बावजूद निजी जेट की आवश्यकता क्यों पड़ी।

## तीन बैंक खातों को फ्रीज किए जाने के फैसले को अदालत में चुनौती देगी टीएमसी

**कोलकाता, समाज्ञा**

चुनावी महासमर में करारी शिकस्त झेलने के बाद चौतरफा संकटों से घिरी तृणमूल कांग्रेस को अब तक का सबसे बड़ा वित्तीय झटका लगा है। राज्य पुलिस की साइबर सेल को मिले बैंक के आधिकारिक पत्र के मुताबिक, तृणमूल कांग्रेस के तीन प्रमुख बैंक खातों को तत्काल प्रभाव से 'फ्रीज' कर दिया गया है। इन खातों में कुल 440 करोड़ रुपये की भारी-भरकम राशि जमा है, जिससे अब किसी भी तरह का वित्तीय लेन-देन नहीं किया जा सकेगा। यह दंडात्मक कार्रवाई विधाननगर दक्षिण थाने में 'ऋतब्रतपंथी' धड़े के 10 तृणमूल विधायकों द्वारा दर्ज कराई गई एक लिखित शिकायत के बाद की गई है। इधर, ममता खेमे के प्रवक्ता कुणाल घोष ने खबर की पुष्टि करते हुए कहा कि वे इस घटनाक्रम पर नजर रख रहे हैं और इस फैसले को अदालत में चुनौती दी जाएगी। उन्होंने दावा किया कि पार्टी के नवनियुक्त कोषाध्यक्ष शुभाशीष चक्रवर्ती हैं, इसलिए अरूप विश्वास के दावों का कोई आधार नहीं है। फिलहाल, सांसदों के फंड से पार्टी का काम चलाया जाएगा।

# फलता थाने पर हमले में भूमिका के आरोप में जहांगीर खान की पत्नी गिरफ्तार

**मामले में अबतक 25 लोगों की गिरफ्तारी**



**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस के नेता जहांगीर खान को पुलिस हिरासत से छुड़ाने की हिंसक कोशिश की साजिश रचने और इस महीने की शुरुआत में फलता थाने पर हुए हमले का नेतृत्व करने के आरोप में उनकी पत्नी को शनिवार को गिरफ्तार किया गया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि घटना के बाद से फरार रेजिना बीबी को एक सूचना के आधार पर दक्षिण 24 परगना जिले के जुलपिया इलाके से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार, रेजिना ने समर्थकों को जुटाने और उस प्रदर्शन की योजना बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिसका कथित उद्देश्य फलता में दोबारा हुए चुनाव में तृणमूल के उम्मीदवार जहांगीर खान को छुड़ाना था। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा कि वह लोगों को जुटाने और उसके बाद थाने पर हुए हमले के प्रमुख साजिशकर्ताओं में से एक थीं। उनके खिलाफ शस्त्र अधिनियम और विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के प्रावधानों समेत कई गंभीर आरोप लगाए गए हैं। घटना के सिलसिले में अब तक 25 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने कहा कि रेजिना बीबी को अदालत में पेश किया जाएगा और उससे यह पता लगाने के लिए पूछताछ की जाएगी कि खान को हिरासत से छुड़ाने की कथित कोशिश तथा लोगों को जुटाने में किसी बड़े आपराधिक या राजनीतिक गिरोह ने मदद की थी या नहीं।

## स्मार्ट बिजली मीटर लगाने के खिलाफ हाई कोर्ट पहुंची कर्मचारी संगठन, 23 जून को सुनवाई

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में स्मार्ट बिजली मीटर लगाने को लेकर जारी विवाद अब अदालत की चौखट तक पहुंच गया है। वामपंथी सरकारी कर्मचारियों के संगठन को-ऑर्डिनेशन कमेटी ने राज्य सरकार की उस अधिसूचना को चुनौती देते हुए कलकत्ता हाई कोर्ट में रिट याचिका दायर की है, जिसमें सरकारी कर्मचारियों, सार्वजनिक उपक्रमों, निगमों और सरकारी अनुदान प्राप्त संस्थानों के कर्मचारियों के आवासों में स्मार्ट मीटर लगाने की प्रक्रिया तेज करने का निर्देश दिया गया था। मामले की पहली सुनवाई 23 जून को न्यायमूर्ति अमृता सिन्हा की एकल पीठ में होगी। याचिकाकर्ताओं की ओर से अधिवक्ता सागरिका गोस्वामी पैरवी करेंगी। याचिका 'मैंडेमस' श्रेणी के तहत दाखिल की गई है, जिसमें अदालत से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया गया है कि सरकारी संस्थाएं कानून के अनुरूप और नागरिक हितों की रक्षा करते हुए कार्य करें।

को-ऑर्डिनेशन कमेटी के नेता विश्वजीत गुप्ता चौधरी ने सवाल उठाया कि जब वर्तमान मुख्यमंत्री विपक्ष में रहते हुए स्मार्ट मीटरों का विरोध करती थीं, तो अब सरकारी कर्मचारियों पर इन्हें अनिवार्य बनाने का दबाव क्यों डाला जा रहा है। संगठन का आरोप है कि कर्मचारियों की लंबित मांगों की अनदेखी कर यह निर्देश थोपे जा रहे हैं। अब सबकी निगाहें हाई कोर्ट की सुनवाई पर टिकी हैं, जहां इस नीति की वैधानिकता और इसके प्रभावों पर महत्वपूर्ण बहस होने की संभावना है।

# पीएम मोदी के दौरे को लेकर कोलकाता में ट्रैफिक नियंत्रण, कई मार्गों पर प्रतिबंध लागू

**कोलकाता, समाज्ञा**

योग दिवस और पश्चिम बंगाल दिवस के अवसर पर प्रधानमंत्री के प्रस्तावित दौरे को देखते हुए कोलकाता में सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को लेकर व्यापक इंतजाम किए गए हैं। प्रधानमंत्री 20 और 21 जून को दो दिवसीय कार्यक्रम के तहत कोलकाता सहित राज्य के विभिन्न स्थानों का दौरा करेंगे। कोलकाता पुलिस आयुक्त अजय नंद ने शहर में कई प्रमुख सड़कों पर यातायात प्रतिबंधों की घोषणा की है। पुलिस के अनुसार, एलपीजी सिलेंडर, सीएनजी, पेट्रोलियम, तेल, लुब्रिकेंट, ऑक्सीजन, सब्जी, दवाइयां, फल, मछली और दूध ले जाने वाले वाहनों को छोड़कर अन्य सभी मालवाहक वाहनों की आवाजाही पर रोक रहेगी।

यह प्रतिबंध शनिवार की दोपहर 3:30 बजे से रात 10 बजे तक या वीवीआईपी कार्यक्रम समाप्त होने तक प्रभावी रहेगा। फरलॉन्ग गेट, के.पी. रोड, जे एंड एन आइलैंड, डफरिन रोड, मेयो रोड, नेताजी मूर्ति चौराहा, आर.आर. एवेन्यू और लोक भवन दक्षिण गेट सहित कई प्रमुख मार्गों पर यातायात नियंत्रित रहेगा। लोकभवन के आसपास आज दोपहर 3:30 बजे से रात 10 बजे तक भारी मालवाहक वाहनों की पूरी तरह आवाजाही प्रतिबंधित रहेगी। इसके अलावा, शाम 5 बजे से अगले दिन दोपहर 12 बजे तक गवर्नमेंट प्लेस ईस्ट और एस्प्लेनेड रो ईस्ट क्रॉसिंग से ओल्ड कोर्ट हाउस स्ट्रीट और बी.बी.डी. बाग साउथ क्रॉसिंग तक का मार्ग पूरी तरह बंद रहेगा।

21 जून को भी मालवाहक वाहनों पर प्रतिबंध लागू रहेगा। निर्धारित वाहनों को छोड़कर अन्य सभी मालवाहक वाहन रात 12 बजे से दोपहर 12 बजे तक या वीवीआईपी कार्यक्रम समाप्त होने तक प्रभावित मार्गों पर नहीं चल सकेंगे। आवश्यकता अनुसार इस दौरान सभी प्रकार के वाहनों, ट्राम और पार्किंग पर भी नियंत्रण लगाया जा सकता है।

# बासंती में भारी मात्रा में हथियार बरामद, दो टीएमसी नेता गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के बासंती इलाके में शनिवार को बड़ी मात्रा में हथियार और कारतूस बरामद होने के बाद तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के दो स्थानीय नेताओं को गिरफ्तार किया गया। आरोपियों के नाम शौकत गायेन और जफर शेख है। पुलिस के अनुसार, बासंती थाना पुलिस और राज्य पुलिस की स्पेशल टास्क फोर्स (एसटीएफ) की संयुक्त टीम ने तलाशी अभियान चलाया। इस दौरान शौकत गायेन के तालाब क्षेत्र से 14 लंबी दूरी के हथियार और 95 राउंड कारतूस बरामद किए गए। स्थानीय सूत्रों के मुताबिक, शौकत गायेन के बेटे रेजाउल गायेन बासंती के कांथलबेरिया ग्राम पंचायत से तृणमूल कांग्रेस के टिकट पर पंचायत सदस्य चुने गए थे। उन्हें स्थानीय टीएमसी नेता राजा गाजी का करीबी माना जाता है। हाल के दिनों में पुलिस ने गिरफ्तार पूर्व टीएमसी नेता शेख शाहजहां से जुड़े ठिकानों पर भी छापेमारी की थी, जहां एक तालाब में छिपाकर रखे गए कई हथियार बरामद किए गए थे। इसी मामले में चराविद्या गांव से रमजान शेख को गिरफ्तार किया गया था, जिसे कैनिंग पूर्व के पूर्व टीएमसी विधायक सौकत मोल्ला का करीबी बताया जाता है। एसटीएफ ने कुछ दिन पहले रमजान शेख के घर से भी कई हथियार बरामद किए थे। पूछताछ के दौरान उसके खुलासों के आधार पर बासंती क्षेत्र में एक के बाद एक हथियारों के कई जखीरे सामने आए हैं। पुलिस को रमजान से पूछताछ के दौरान सूचना मिली कि शौकत गायेन के घर के तालाब घाट की सीढ़ियों के नीचे हथियार और कारतूस छिपाकर रखे गए हैं। इसी सूचना के आधार पर शनिवार को तलाशी अभियान चलाया गया, जिसमें बड़ी मात्रा में हथियार बरामद किए गए। हथियारों की बरामदगी के बाद पुलिस ने शौकत गायेन और जफर शेख को इस मामले में कथित संलिप्तता के आरोप में गिरफ्तार कर लिया। मामले की जांच जारी है।

# औचक दौरे पर एसएसकेएम अस्पताल पहुंचे मंत्री इंद्रनील खां

❑ मरीजों की शिकायतों पर दिए कार्रवाई के निर्देश

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के खेल एवं युवा कल्याण मंत्री इंद्रनील खां ने शनिवार सुबह अचानक एसएसकेएम अस्पताल के ट्रॉमा केयर सेंटर का औचक निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी के निर्देश पर पहुंचे मंत्री ने अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाओं और मरीजों को मिल रही सुविधाओं का जायजा लिया। मंत्री के अस्पताल पहुंचते ही कई मरीजों के परिजन अपनी समस्याएं लेकर उनके पास पहुंचे। परिजनों ने इलाज में देरी, दवाइयों की कमी और स्वास्थ्य जांच की रिपोर्ट मिलने में हो रही परेशानी की शिकायत की। कुछ लोगों ने अपनी डॉक्टर की पर्चियां और रिपोर्ट दिखाकर अपनी समस्याओं से मंत्री को अवगत कराया। शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए मंत्री इंद्रनील खां ने एसएसकेएम अस्पताल के निदेशक डॉ. मणिमय बंद्योपाध्याय को जल्द आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दिए। उन्होंने मरीजों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने और समस्याओं का शीघ्र समाधान करने को कहा। मंत्री ने मरीजों के परिजनों से अपील की कि वे किसी भी परिस्थिति में दलालों के झांसे में न आएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि मरीजों का इलाज और उनकी सुविधा प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान मंत्री ने अस्पताल प्रशासन को स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार और मरीजों की शिकायतों पर तत्काल ध्यान देने के निर्देश दिए।



# प्रेम संबंध में हत्या, 23 दिन बाद बक्खाली में जंगल से महिला का शव बरामद

❑ पुलिस ने कथित प्रेमी को किया गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** दक्षिण 24 परगना जिले के हेनरी आइलैंड के घने जंगल से 23 दिनों से लापता 34 वर्षीय महिला का सड़ी-गली अवस्था में शव बरामद हुआ है। पुलिस ने इस मामले में महिला के कथित प्रेमी जहीरुल सरदार को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि उसने हत्या करने के बाद शव को रेत में दफन कर सुबूत मिटाने की कोशिश की। मृतका की पहचान जयनगर निवासी राबिया फकीर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, राबिया और जहीरुल के बीच विवाहेतर संबंध थे, लेकिन हाल के दिनों में दोनों के बीच विवाद चल रहा था। 26 मई को जहीरुल कथित तौर पर राबिया को घूमने के बहाने बक्खाली ले गया, जहां हेनरी आइलैंड के एक सुनसान इलाके में उसकी गला दबाकर हत्या कर दी और शव को रेत में दफन कर दिया। राबिया के लापता होने के बाद स्वजन ने बकुलतला थाने में गुमशुदगी की शिकायत दर्ज कराई थी। जांच के दौरान पुलिस ने 18 जून को जहीरुल को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपित ने कथित तौर पर हत्या की बात स्वीकार की, जिसके बाद बकुलतला और फ्रेजरगंज कोस्टल थाना पुलिस की टीम उसे घटनास्थल पर लेकर गई और शुक्रवार को शव बरामद किया। शव को पोस्टमार्टम के लिए काकद्वीप अस्पताल भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारण की पुष्टि होगी। साथ ही, यह भी जांच की जा रही है कि इस घटना में किसी अन्य व्यक्ति की भी भूमिका थी या नहीं। मृतका के भाई ने आरोपित को कड़ी से कड़ी सजा देने की मांग की है।

# पीएम मोदी 'पश्चिमबंग दिवस' समारोह में हुए शामिल, 'पीएम-किसान' योजना की 23वीं किस्त की जारी




तारकेश्वर में आयोजित 'पश्चिमबंग दिवस' समारोह से पीएम मोदी बटन दबाकर कई परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करते

- ❑ 820 करोड़ की बुनियादी ढांचा और रेलवे परियोजनाओं का किया अनावरण
- ❑ बंगाल में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की शुरुआत
- ❑ बंगाल में कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास

**हुगली, समाज्ञा :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी शनिवार को हुगली जिले के तारकेश्वर में 'पश्चिमबंग दिवस' समारोह में शामिल हुए। मोदी ने 'पीएम-किसान' योजना की 18,880 करोड़ रुपये की 23वीं किस्त जारी की, जिससे पूरे भारत में 9.44 करोड़ से अधिक किसान लाभान्वित हुए। प्रधानमंत्री राज्य दिवस के मौके पर आयोजित एक समारोह में शामिल हुए, जिसमें मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी, मंत्री, विधायक, सरकारी अधिकारी और आम जनता भी शामिल हुई। मोदी ने रेलवे, कृषि, ग्रामीण विकास, मत्स्य पालन और पशुपालन क्षेत्रों से संबंधित विभिन्न विकास परियोजन-ाओं की शुरुआत की, इन्हें राष्ट्र को समर्पित किया तथा इनकी आधारशिला रखी। पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) द्वारा जारी एक बयान में कहा गया कि इन योजनाओं में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना, एग्री स्टैक, प्राकृतिक खेती पर राष्ट्रीय मिशन और प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना शामिल हैं। पश्चिम बंगाल के किसानों को दुनिया की सबसे बड़ी फसल बीमा योजना का लाभ देने के लिए प्रधानमंत्री ने राज्य में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना (पीएमएफबीवाई) की शुरुआत की। बयान के अनुसार, इस पहल का उद्देश्य 2026-27 में राज्य के लगभग 50 लाख किसानों को लगभग 14 लाख हेक्टेयर कृषि भूमि पर बीमा कवरेज प्रदान करना है, जिससे लगभग 28,140 करोड़ रुपये के अनुमानित बीमित मूल्य वाली फसलों की सुरक्षा होगी तथा किसानों को पर्याप्त महत्व-पूर्ण सब्सिडी के माध्यम से सहायता मिलेगी। मोदी ने लगभग 590 करोड़ रुपये की महत्वपूर्ण रेलवे परियोजनाओं को भी राष्ट्र को समर्पित किया तथा इनकी आधारशिला रखी। उन्होंने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई-तृतीय) के तहत विकसित 49 सड़क अवसंरचना परियोजनाओं का उद्घाटन किया, जिसके दायरे में राज्य के विभिन्न जिलों में कुल मिलाकर 315 किलोमीटर से अधिक का क्षेत्र आता है।



मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी पीएम मोदी को बाबा तारकनाथ की तस्वीर व डोकरा शैली की देवी दुर्गा की मूर्ति के अलावा बंगाल के प्रसिद्ध रसगुल्ले और चंदननगर की प्रसिद्ध जल भरा मिठाइयां भेंट करते



तारकेश्वर में आयोजित 'पश्चिमबंग दिवस' समारोह में भीड़ में शामिल एक बच्ची पीएम मोदी की तस्वीर दिखाती हुई



तारकेश्वर में आयोजित 'पश्चिमबंग दिवस' समारोह में पीएम मोदी का स्वागत करते राज्यपाल आर. एनं. रवि



'पश्चिमबंग दिवस' के अवसर पर लेजर लाइट की रोशनी से जगमगा उठा हावड़ा ब्रिज



## हैदराबाद: ईडी ने हीरा ग्रुप धोखाधड़ी मामले में 159 करोड़ रुपये की संपत्ति नीलाम की

**नयी दिल्ली:** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शनिवार को कहा कि उसने हैदराबाद आधारित हीरा ग्रुप के खिलाफ धनशोधन की जांच के सिलसिले में 159 करोड़ रुपये की नयी संपत्तियों की नीलामी की है। संबंधित समूह पर जमाकर्ताओं के साथ करोड़ों रुपये की निवेश धोखाधड़ी करने का आरोप है। नीलाम की गई संपत्तियों में 23 अचल संपत्तियां शामिल हैं, जिन्हें पहले धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत कुर्क किया गया था। इनकी पहचान ''अपराध से हुई कमाई से हासिल या खरीदी गई संपत्तियों'' के तौर पर की गई थी।

## सभी आरोपियों को बरी किए जाने पर सांसद ओमप्रकाश राजे ने पूछा, मेरे पिता की हत्या किसने की

**पुणे:** शिवसेना (उबाठा) के सांसद ओमप्रकाश राजे निंबालकर ने शनिवार को सवाल किया कि सीबीआई अदालत में जिन लोगों पर मुकदमा चला उनमें से अगर कोई भी दोषी नहीं था, तो उनके पिता और महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री पवनराजे निंबालकर की हत्या किसने की। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि शुरुआती जांच करने वाली पुलिस, इस मामले में आरोपी और पूर्व गृह मंत्री पदमसिंह पाटिल के दबाव में थी। नवी मुंबई में अपने पिता और उनके चालक की हत्या के 20 साल बाद आए फैसले पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा, 'अच्छे लोग, जो सही ढंग से रहते और व्यवहार करते हैं, उन्हें निराशा का सामना करना पड़ता है। यह 'कलयुग' है।' मुंबई की एक विशेष अदालत ने शनिवार को 2006 में हुई हत्या के मामले में पदमसिंह पाटिल और सात अन्य लोगों को बरी कर दिया। अदालत ने कहा कि अभियोजन पक्ष साजिश की कड़ी को साबित करने में विफल रहा। सांसद ने कहा कि उनका परिवार इस फैसले को बंबई उच्च न्यायालय में चुनौती देगा। उन्होंने यहां पत्रकारों से कहा, 'हमने फैसले का मुख्य हिस्सा सुना है। अदालत ने माना है कि राजनीतिक दुश्मनी थी और राज्य पुलिस की जांच में कमियां भी बताई हैं। उस समय, पुलिस पर पदमसिंह पाटिल का दबाव था, जो राज्य के गृह मंत्री रह चुके हैं।'

# पूर्वी भारत विकास के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है : प्रधानमंत्री मोदी



**रायरंगपुर (ओडिशा):** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि पूर्वी भारत कांग्रेस के शासनकाल के दौरान पिछड़ा बना रहा और अब यह प्रगति तथा विकास के प्रवेश द्वार के रूप में उभर रहा है। ओडिशा में मयूरभंज जिले के रायरंगपुर में 47,600 करोड़ रुपये से अधिक की परियोजन-ाओं का शिलान्यास और लोकार्पण करने के बाद मोदी ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि राज्य विकास के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ रहा है और कल्याणकारी योजनाएं गरीबों के जीवन में बदलाव ला रही हैं। उन्होंने कहा, 'पूर्वी भारत कांग्रेस के शासनकाल के दौरान पिछड़ा हुआ रहा और अब यह प्रगति तथा विकास के प्रवेश द्वार के रूप में उभर रहा है।'' मोदी ने कहा कि केंद्र सरकार का नजरिया पूर्वी भारत के विकास के माध्यम से देश का विकास करना है और सरकार 'पूर्वोदय' नीति पर काम कर रही है। उन्होंने कहा, ''ओडिशा विकास के मार्ग पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। केंद्र का दृष्टिकोण पूर्वी भारत के विकास के माध्यम से भारत का विकास करना है। इसीलिए हम 'पूर्वोदय' नीति पर काम कर रहे हैं।' मोदी ने कहा कि भाजपा सरकार ओडिशा के संसाधनों को संभावनाओं में बदल रही है और अब तक लगभग 20 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हो चुके हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के 68वें जन्मदिन के मौके पर मयूरभंज जिले के पहाड़पुर स्थित उनके गांव के दौरे के बाद, मोदी ने घोषणा की कि इसे सूर्य ग्राम (सोलर विलेज) के रूप में विकसित किया जाएगा, जिससे हर घर में सौर ऊर्जा का उत्प-ादन सुनिश्चित होगा। ओडिशा के प्रसिद्ध कोणार्क सूर्य मंदिर से तुलना करते हुए, उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि पहाड़पुर एक आदर्श सौर-ऊर्जा संचालित गांव के रूप में विकसित होगा। उन्होंने राष्ट्रपति मुर्मू को जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं और मयूरभंज की धरती से उठकर देश के सर्वोच्च संवैधानिक पद तक उनके पहुंचने को ओडिशा और पूरे देश के लिए अत्यंत गर्व का विषय बताया। मोदी ने कहा, ''जनसेवा के प्रति उनका समर्पण, विनम्रता और राष्ट्र-निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता सराहनीय है। उनकी उपस्थिति प्रेरणा देती है और विशेष रूप से आदिवासी, वंचित और हाशिए पर रहने वाले समुदायों के बच्चों में आत्मविश्वास तथा महत्वाकांक्षा का संचार करती है।'' उन्होंने कहा कि ओडिशा के पास एक समृद्ध राज्य बनने के लिए सभी आवश्यक तत्व मौजूद हैं, जिनमें तटरेखा, खनिज, कृषि और सबसे बढ़कर युवाओं की क्षमता शामिल है। उन्होंने कहा कि रेलवे, सड़क, बंदरगाह, बिजली, सेमीकंडक्टर और हरित ऊर्जा जैसे क्षेत्रों में समग्र प्रगति हुई है। उन्होंने कहा कि लोगों को 'डबल इंजन' सरकार के लाभ अब अपने दैनिक जीवन में मिलने लगे हैं। मोदी ने कहा कि 'उत्कर्ष ओडिशा अभियान' के माध्यम से राज्य को 20 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं, जिनमें से 3.5 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं पर कार्य किया जा रहा है।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ओडिशा में 34.64 लाख से ज़्यादा किसानों को 692.86 करोड़ रुपये जारी किये

**भुवनेश्वर/रायरंगपुर:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को ओडिशा के 34.64 लाख से ज़्यादा किसानों को पीएम किसान योजना की 23वीं किस्त के तौर पर 692.86 करोड़ रुपये जारी किए। प्रधानमंत्री ने पश्चिम बंगाल के हुगली ज़िले के तारकेश्वर से लाभार्थियों के बैंक खातों में पैसे जारी किए। अधिकारियों ने बताया कि देशभर में 9.44 करोड़ से ज़्यादा किसानों के खातों में 18,880 करोड़ रुपये से ज़्यादा की आर्थिक सहायता भेजी गयी है। पीएम किसान योजना देश की किसानों के कल्याण की एक प्रमुख योजना है। इस योजना के तहत, हर पात्र किसान को हर सात तीन किस्तों में 6,000 रुपये मिलते हैं।



राष्ट्रपति मुर्मू, पीएम मोदी ने ओडिशा के मयूरभंज के पहाड़पुर गांव का दौरा किया

## भारत ने हमेशा दुनिया में शांति का प्रसार किया: राष्ट्रपति मुर्मू

**रायरंगपुर (ओडिशा):** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शनिवार को कहा कि भारत ने हमेशा दुनिया में शांति का संदेश फैलाया है क्योंकि मुद्दों को आपसी बातचीत से ही सुलझाया जा सकता है, युद्ध से नहीं। राष्ट्रपति ने कहा, 'आज जब दुनिया युद्ध से पैदा हुई अशांति और अस्थिरता से जूझ रही है, तो भारत ने हमेशा सुलह और शांति की वकालत की है... मुद्दों को आपसी बातचीत से सुलझाया जा सकता है, न कि युद्ध से।'' उन्होंने यह बात ओडिशा के मयूरभंज जिले के रायरंगपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए कही, जहां वह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ राज्य की भाजपा सरकार के दो साल पूरा होने के उपलक्ष्य में आयोजित समारोह में शामिल हुईं। राष्ट्रपति ने कहा कि प्रधानमंत्री का पद संभालने के बाद से मोदी ने देशहित में कई कदम उठाए हैं। इस महीने, उन्होंने निर्वाचित प्रधानमंत्री के तौर पर सबसे लंबे समय तक लगातार पदासीन रहने का रिकॉर्ड बनाया। सभी नागरिकों की ओर से प्रधानमंत्री को इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर बधाई देते हुए उन्होंने कामना की कि वह अपनी दूरदर्शी सोच से देश के लोगों का भला करते रहें और 2047 तक भारत को 'विकसित भारत' बनाने के संकल्प को पूरा करने में देश का नेतृत्व करें।

## स्वतंत्र भारत के इतिहास में मोदी के 12 वर्ष का अध्याय स्वर्णाक्षरों में लिखा जाएगा: शाह




**कोल्हापुर:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 12 वर्ष के कार्यकाल को स्वतंत्र भारत के इतिहास में महत्वपूर्ण स्थान मिलेगा और उनके कार्यकाल को एक पुनरुत्थानशील राष्ट्र के निर्माण एवं विश्वभर में देश की प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए याद किया जाएगा। शाह ने कहा कि पुनरुत्थानशील भारत के निर्माण और देश की प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए नरेन्द्र मोदी के 12 वर्ष के कार्यकाल का अध्याय स्वर्णाक्षरों में लिखा जाएगा। शाह ने महाराष्ट्र के कोल्हापुर में देवी अंबाबाई मंदिर गलियारा परियोजना की शुरुआत करने के बाद एक सभा को संबोधित करते हुए कहा, 'जब स्वतंत्र भारत का इतिहास लिखा जाएगा तो प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 12 वर्ष के कार्यकाल का अध्याय एक पुनरुत्थानशील भारत के निर्माण और दुनियाभर में देश की प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए दर्ज किया जाएगा।' उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में पिछले 12 वर्ष में ऐसे कई काम पूरे हुए, जिन्हें कभी असंभव माना जाता था। शाह ने इस संदर्भ में अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण, काशी विश्वनाथ गलियारे के पुनर्विकास, केदारनाथ और बदरीनाथ धामों में किए गए कार्यों तथा सोमनाथ एवं कामाख्या मंदिरों से जुड़ी परियोजनाओं का उल्लेख किया।

## विजय अमृतराज, ममूटी सहित 65 हस्तियों को मंगलवार को मिलेगा पद्म पुरस्कार



**नयी दिल्ली:** टेनिस के दिग्गज विजय अमृतराज, अभिनेता ममूटी, पार्श्व गायिका अलका याग्निक और क्रिकेटर रोहित शर्मा उन 65 मशहूर हस्तियों में शामिल हैं, जिन्हें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू मंगलवार को दूसरे नागरिक अलंकरण समारोह में प्रतिष्ठित पद्म पुरस्कारों से सम्मानित करेंगी। अधिकारियों ने बताया कि मुर्मू मंगलवार शाम पांच बजे राष्ट्रपति भवन के गणतंत्र मंडप में 'पद्म पुरस्कार 2026' प्रदान करेंगी। एक अधिकारी ने कहा, 'दूसरे नागरिक अलंकरण समारोह में, राष्ट्रपति 65 पद्म पुरस्कार प्रदान करेंगी, जिनमें दो पद्म विभूषण, सात पद्म भूषण और 56 पद्म श्री पुरस्कार शामिल हैं।'' मुर्मू ने 25 मई को आयोजित पहले नागरिक अलंकरण समारोह में भी 65 पद्म पुरस्कार प्रदान किये थे, जिनमें दो पद्म विभूषण, छह पद्म भूषण और 57 पद्म श्री शामिल थे। एक अधिकारी ने कहा, 'इन पुरस्कारों की घोषणा हर साल गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है।' गणतंत्र दिवस की पूर्व संध्या पर, सरकार ने 2026 के लिए पांच पद्म विभूषण सहित 131 पद्म पुरस्कारों की घोषणा की थी। इनमें से दो पुरस्कार चार व्यक्तियों को दिए जा रहे हैं, लेकिन इन्हें दो ही पुरस्कार गिना जाएगा। सार्वजनिक क्षेत्र में यो-गदान के लिए उच्चतम न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश के. टी. थॉमस और साहित्य एवं शिक्षा में योगदान के लिए प्रख्यात मलयालम पत्रकार पी. नारायणन को पद्म विभूषण प्रदान किया जाएगा। पार्श्व गायिका अलका याग्निक, अभिनेता ममूटी, अमेरिकी कैंसर रोग विशेषज्ञ दत्तात्रेयुडु नोरी और टेनिस खिलाड़ी विजय अमृतराज को पद्म भूषण से सम्मानित किया जाएगा।

## भारत और दक्षिण कोरिया ने डिजिटल शासन व्यवस्था, जनोन्मुखी सेवा में सहयोग पर चर्चा की



**नयी दिल्ली:** भारत और दक्षिण कोरिया ने शनिवार को डिजिटल शासन, ई-सरकार, लोक प्रशासन, कौशल निर्माण एवं जनोन्मुखी सेवा प्रदान करने के क्षेत्रों में दोनों देशों के बीच संभावित सहयोग पर चर्चा की। यह चर्चा दक्षिण कोरिया के गृहमंत्री युन होजुंग और कार्मिक मामलों के केंद्रीय राज्य मंत्री जितेंद्र सिंह के बीच हुई बैठक के दौरान हुई। कार्मिक मंत्रालय के एक बयान के अनुसार, दोनों नेताओं ने अपने-अपने प्रतिनिधिमंडलों के साथ एक घंटे से अधिक समय तक द्विपक्षीय वार्ता की। सिंह ने कहा कि दोनों देशों के संबंधित मंत्रालय, लोक प्रशासन एवं सरकारी नवोन्मेष के क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक समझौता ज्ञापन को अंतिम रूप देने पर सक्रिय रूप से बातचीत कर रहे हैं। बयान में कहा गया है कि दोनों पक्षों के बीच बातचीत मुख्य रूप से इन क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने पर केंद्रित थी: सरकारी सेवाओं का डिजिटल परिवर्तन, लोक प्रशासन में कृत्रिम मेधा जैसी नई प्रौद्योगिकी का इस्तेमाल; नौकरशाहों की क्षमता बढ़ाना; शासन में नागरिकों की भागीदारी; और लोगों की शिकायतों के समाधान के तंत्र में बेहतरीन तौर-तरीके अपनाना। सिंह ने कोरियाई प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया तथा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में डिजिटल शासन, जन सेवा प्रदान करना और शिकायत समाधान प्रणाली में भारत की उल्लेखनीय प्रगति पर प्रकाश डाला। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि भारत और कोरिया दोनों ही जीवंत लोकतंत्र हैं, जिनकी मूल्य, विरासत और कानून के शासन के प्रति प्रतिबद्धता समान है।

समाज्ञा व्यापार

## वैष्णव करेंगे मेगा कोचिंग टर्मिनल का उद्घाटन

**जयपुर :** केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव यहां खातीपुरा में बने मेगा कोचिंग टर्मिनल का रविवार को उद्घाटन करेंगे। इसके साथ ही वे जयपुर-दरभंगा अमृत भारत रेल को हरी झंडी दिखाकर रवाना करेंगे। रेलवे के प्रवक्ता ने यह जानकारी दी। इसके अनुसार खातीपुरा रेलवे स्टेशन पर आयोजित कार्यक्रम मे केंद्रीय मंत्री वैष्णव रेलवे की रखरखाव सुविधाओं को अत्याधुनिक और उत्कृष्ट बनाने के लिए मेगा कोचिंग टर्मिनल की शुरुआत करेंगे। इसके साथ ही उत्तर पश्चिम रेलवे खंड में 41 छोटे एवं मध्यम स्टेशनों पर नए प्लेटफॉर्म, प्लेटफॉर्म उन्नयन एवं विस्तार तथा 16 स्टेशनों पर एकीकृत यात्री सूचना प्रणाली का भी लोकार्पण करेंगे। इसके अनुसार रखरखाव सुविधाओं को उत्कृष्ट बनाने के लिए खातीपुरा स्टेशन पर 205 करोड़ रूपये की लागत से मेगा कोचिंग टर्मिनल बनाया गया है। इस टर्मिनल के निर्माण से वंदे भारत, डेमू, एलएचबी रेक और अन्य सभी प्रकार की ट्रेनों के रेक का अनुरक्षण काम एक ही स्थान पर किया जा सकेगा।

# भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा : हरदीप पुरी



**सोनभद्र :** केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शनिवार को कहा कि आज भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित '12 साल विरासत के, विकास के, जनकल्याण के' अभियान के अंतर्गत पुरी ने सोनभद्र का दौरा किया। मंत्री ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भारत सरकार की डेल्टा रैंकिंग में सोनभद्र ने पहला स्थान प्राप्त किया है और विकास की वर्तमान गति को देखते हुए यह जनपद पिछड़ेपन की पहचान से निकलकर शीघ्र ही एक मॉडल जनपद के रूप में स्थापित होगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में बीते 12 वर्षों में भारत ने विकास, आधारभूत संरचना, ऊर्जा, सामाजिक सुरक्षा, गरीब कल्याण और आत्मनिर्भरता के क्षेत्रों में अभूतपूर्व उपलब्धियां हासिल की हैं। पुरी ने कहा कि आज भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है तथा विकसित भारत का संकल्प देश को नई ऊंचाइयों तक ले जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाकर समावेशी विकास सुनिश्चित करना है। पुरी ने कहा कि देश में पेट्रोल और डीजल के दामों में वास्तविक बढ़ोतरी नहीं हुई है। उन्होंने दावा किया कि केंद्र सरकार ने उत्पाद शुल्क में कटौती कर जनता पर बोझ नहीं पड़ने दिया।

### दुनिया में कच्चे तेल के दाम में तेजी के बावजूद भारत में ईंधन के दाम में उछाल नहीं

केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने शनिवार को कहा कि वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल के दाम में उतार-चढ़ाव के बावजूद देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई उल्लेखनीय वृद्धि नहीं हुई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के सफल 12 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित '12 साल विरासत के, विकास के, जनकल्याण के' अभियान के अंतर्गत पुरी ने सोनभद्र का दौरा किया। पुरी ने कहा कि देश में पेट्रोल और डीजल के दामों में वास्तविक बढ़ोतरी नहीं हुई है। उन्होंने दावा किया कि केंद्र सरकार ने उत्पाद शुल्क में कटौती कर जनता पर बोझ नहीं पड़ने दिया। उन्होंने कहा, ''अगर हम वास्तविक स्थिति का जायजा लें तो देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में कोई वृद्धि नहीं हुई है।''

## महिलाओं की भागीदारी के बिना 'विकसित भारत' का लक्ष्य संभव नहीं: मनसुख मांडविया



**नयी दिल्ली :** केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री मनसुख मांडविया ने शनिवार को कहा कि महिलाएं भारत की विकास यात्रा की केवल भागीदार नहीं, बल्कि देश के भविष्य की वास्तविक निर्माता हैं। उन्होंने यहां यशोभूमि में आयोजित पांचवें नेशनल रियल एस्टेट डेवलपमेंट काउंसिल (नारेडको) माही रियल एस्टेट सम्मेलन 2026 को संबोधित करते हुए कहा कि 2047 तक 'विकसित भारत' का लक्ष्य महिलाओं की पूर्ण भागीदारी, नेतृत्व और आर्थिक यो-गदान के बिना संभव नहीं है। 'प्रभाव से प्रेरणा तक' विषय पर आयोजित सम्मेलन में रियल एस्टेट क्षेत्र में महिलाओं की भागीदारी और नेतृत्व को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। मांडविया ने कहा कि नारेडको माही जैसी पहल अब केवल चर्चा तक सीमित नहीं हैं, बल्कि एक प्रभावशाली आंदोलन का रूप ले चुकी हैं, जो महिला पेशेवरों, उद्यमियों और परिवर्तनकर्ताओं के लिए मंच उपलब्ध करा रही हैं। उन्होंने कहा, महिलाएं भारत की वृद्धि गाथा की केवल भागीदार नहीं हैं, बल्कि इसकी निर्माता हैं। विकसित भारत 2047 की यात्रा महिलाओं की सक्रिय भागीदारी, नेतृत्व और आर्थिक योगदान के बिना पूरी नहीं हो सकती। जब महिलाएं नेतृत्व करती हैं, तो उद्योग विकसित होते हैं, समाज समृद्ध होता है और राष्ट्र आगे बढ़ता है। मंत्री ने कहा कि सम्मेलन का विषय महिलाओं के लिए अवसरों के विस्तार और पारंपरिक धारणाओं को तोड़ने की आवश्यकता को दर्शाता है। सम्मेलन में पूर्व केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने सभा को संबोधित करते हुए महिला सशक्तीकरण के महत्व और रियल एस्टेट क्षेत्र में महिलाओं की अधिक भागीदारी की आवश्यकता का विस्तार से उल्लेख किया।

## ग्रेट निकोबार परियोजना भारत की आर्थिक वृद्धि को गति देगी : किरेन रीजीजू



**श्री विजय पुरम :** संसदीय कार्य एवं अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रीजीजू ने शनिवार को कहा कि ग्रेट निकोबार परियोजना भारत की आर्थिक वृद्धि को गति देने के साथ देश को आपूर्ति शृंखला के मामले में अधिक आत्मनिर्भर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। 'विकसित भारत संकल्प सम्मेलन' को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ग्रेट निकोबार द्वीप के समग्र विकास का उद्देश्य आर्थिक प्रगति और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन स्थापित करना है। परियोजना को आगे बढ़ाते समय सभी आवश्यक नियमों और पर्यावरणीय मानकों का पालन किया जा रहा है। रीजीजू ने कहा, ''कुछ लोग इस परियोजना का विरोध कर रहे हैं। वे भारत की प्रगति नहीं देखना चाहते। मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि ग्रेट निकोबार परियोजना देश की आर्थिक वृद्धि का केंद्रबिंदु बनेगी। यह हिंद-प्रशांत क्षेत्र में एक प्रमुख समुद्री और लॉजिस्टिक केंद्र के रूप में विकसित होगी।'' शुक्रवार से अंडमान एवं निकोबार द्वीपसमूह के तीन दिवसीय दौरे पर आए मंत्री ने कहा कि यह परियोजना द्वीपसमूह के आर्थिक और सामरिक महत्व को बढ़ाकर 'विकसित भारत' के लक्ष्य को साकार करने में योगदान देगी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी द्वारा अप्रैल में अंडमान-निकोबार यात्रा के दौरान इस परियोजना का विरोध किए जाने का परोक्ष उल्लेख करते हुए रीजीजू ने कहा, ''यह नाटक करने का समय नहीं है। वह यहां आए, समुद्र में गोता लगाया और परियोजना के खिलाफ अभियान चलाया। मैंने भी यहां गोता लगाया और यहां अपार संभावनाएं देखीं। हमें झूठे विमर्श फैलाने के बजाय देश के विकास के लिए मिलकर काम करना चाहिए।'' पिछले 12 वर्षों में नरेन्द्र मोदी सरकार की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में तेज वृद्धि हुई, लेकिन भारत में पेट्रोल और डीजल की कीमतों में वृद्धि को लगभग पांच प्रतिशत तक सीमित रखा गया, जबकि कई देशों में यह वृद्धि 20 प्रतिशत से लेकर लगभग 100 प्रतिशत तक रही।

## भारतीय ध्वज वाले तीन तेल टैंकर हॉर्मुज जलडमरूमध्य पार कर भारत रवाना

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय पत्तन, पोत परिवहन एवं जलमार्ग मंत्री सर्बानंद सोनोवाल ने शनिवार को बताया कि भारत के ध्वज वाले कच्चे तेल के तीन टैंकर 94 भारतीय चालक दल के सदस्यों के साथ हॉर्मुज जलडमरूमध्य पार कर भारत की ओर रवाना हो गए हैं। इन जहाजों में 8.6 लाख टन से अधिक कच्चा तेल लदा हुआ है। उन्होंने बताया कि 'देश वैभव', 'देश विभोर' और 'सनमार हेराल्ड' नामक तीनों टैंकर के 24 जून से एक जुलाई के बीच भारत पहुंचने की संभावना है। 'देश वैभव' के 24 जून को वाडीनार बंदरगाह पहुंचने की संभावना है, जबकि 'देश विभोर' के उसी दिन सिक्का बंदरगाह पहुंचने की उम्मीद है। तीसरा भारतीय ध्वज वाला तेल टैंकर 'सनमार हेराल्ड', जिसने शनिवार को हॉर्मुज जलडमरूमध्य पार किया, एक जुलाई को पारादीप बंदरगाह पहुंच सकता है। केंद्रीय मंत्री सोनोवाल ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, भारत के ध्वज वाले तीन कच्चे तेल के टैंकर...'देश वैभव', 'देश विभोर' और 'सनमार हेराल्ड' 94 भारतीय चालक दल के सदस्यों के साथ 8.6 लाख टन से अधिक माल लेकर आज हॉर्मुज जलडमरूमध्य को सफलतापूर्वक पार कर चुके हैं और अब भारत की ओर प्रस्थान कर रहे हैं। उन्होंने लिखा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्णायक नेतृत्व में सरकार भारत के समुद्री हितों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता पर सुनिश्चित करने के लिए कार्य कर रही है। मंत्रालय सभी संबंधित एजेंसियों के साथ सक्रिय समन्वय कर रहा है ताकि भारतीय नाविकों और देश की ऊर्जा आपूर्ति व्यवस्था की पूर्ण सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

## वित्त मंत्री सीतारमण ने मेघालय की कृषि मूल्य संवर्धन, बाजार सृजन पहल की सराहना की

**शिलांग :** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को कहा कि मेघालय का किसान-केंद्रित विकास मॉडल स्थानीय कृषि उत्पादों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के योग्य बनाने के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों में टिकाऊ आजीविका के नए अवसर भी सृजित कर रहा है। राज्य के विकास मॉडल की प्रशंसा करते हुए सीतारमण ने कहा कि मेघालय ने भौतिक बुनियादी ढांचे के निर्माण और लोगों के जीवन में सीधा सुधार लाने वाली परियोजनाओं में निवेश के बीच अच्छा संतुलन बनाया है। उन्होंने कहा, मेघालय ने खुद के लिए एक रफ्तार तय की है और लोग भी इसमें बढ़-चढ़कर भाग ले रहे हैं। राज्य सरकार का ध्यान केवल सड़कों, सचिवालय या खेल के मैदानों के निर्माण पर ही नहीं है, बल्कि उन परियोजनाओं पर भी है जो सीधे तौर पर लोगों की आजीविका को छूती हैं। केंद्रीय वित्त मंत्री ने कहा कि राज्य के अधिकांश निवेश नए आर्थिक अवसर खोल रहे हैं और स्थानीय उत्पादों को भारत की सीमाओं से बाहर बाजार तलाशने में मदद कर रहे हैं।

## कोयला से गैस बनाने की परियोजना भारत की अमोनियम नाइट्रेट की 35 प्रतिशत जरूरतें पूरी करेगी: उद्योग

**नयी दिल्ली :** ओडिशा में 25,016 करोड़ रुपये की लागत वाली कोयले से गैस बनाने की परियोजना से 2030 तक देश की अनुमानित अमोनियम नाइट्रेट की मांग का लगभग 35 प्रतिशत पूरा होने की उम्मीद है। उद्योग विशेषज्ञों ने शनिवार को यह कहा। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को संयुक्त रूप से ओडिशा के झारसुगुडा जिले के लखनपुर में भारत कोल गैसीफिकेशन एंड केमिकल्स लि. (बीसीजीसीएल) परियोजना की आधारशिला रखी। विशेषज्ञों ने कहा कि एक बार चालू होने के बाद, यह संयंत्र सालाना लगभग 6.6 लाख टन आयात कम करेगा और हर साल 36 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक की विदेशी मुद्रा की बचत करेगा। उद्योग ने कहा कि परियोजना की परिचालन अवधि के दौरान आयात में कमी से कुल बचत नौ अरब अमेरिकी डॉलर से अधिक हो सकती है। परियोजना का विकास बंगाल कोल एंड गैसीफिकेशन कंपनी लि. कर रही है। यह कंपनी भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) और कोल इंडिया लि. की एक संयुक्त उद्यम इकाई है। इस परियोजना में स्थानीय रूप से उपलब्ध कोयले को सिंथेसिस गैस में बदलने के लिए स्वदेशी कोल गैसीफिकेशन तकनीक का उपयोग किया जाएगा। इसे बाद में अमोनियम नाइट्रेट में प्रसंस्करण किया जाएगा, जो उर्वरक और औद्योगिक विस्फोटकों के लिए एक महत्वपूर्ण कच्चा माल है। न्यू एरा क्लीनटेक सॉल्यूशन प्राइवेट लि. के संस्थापक और प्रबंध निदेशक बालासाहेब दराडे ने कहा, ''आज बीसीजीसीएल कोयले से अमोनियम नाइट्रेट बनाने की परियोजना की आधारशिला रखना भारत के औद्योगिक विकास में एक निर्णायक क्षण है। यह केवल अमोनियम नाइट्रेट कारखाने का उद्घाटन नहीं है बल्कि यह एक कोयले से रसायन तैयार करने के परिवेश का उदय है।

## चिली को 6–0 से हराकर भारतीय महिला हॉकी टीम नेशंस कप फाइनल में

**आकलैंड :** भारतीय महिला हॉकी टीम ने शानदार फॉर्म बरकरार रखते हुए चिली को 6–0 से हराकर एफआईएच हॉकी महिला नेशंस कप के फाइनल में प्रवेश कर लिया। भारत के लिये नवनीत कौर (छठा और 13वां मिनट) और दीपिका (14वां और 18वां) ने दो दो गोल किये जबकि नेहा (32वां) और रूतुजा पिसाल (39वां) ने एक एक गोल दागा। टूर्नामेंट में भारत की यह लगातार चौथी जीत है। 'प्लेयर आफ द मैच' चुनी गई कप्तान सलीमा टेटे ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। भारत का सामना फाइनल में अमेरिका और न्यूजीलैंड के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा।

## भारत में एफवन की वापसी के लिये कार्यबल का गठन होगा : खेलमंत्री मांडविया

**नयी दिल्ली :** भारत में फार्मूला वन की वापसी की प्रक्रिया को तेज करने की कवायद में खेलमंत्री मनसुख मांडविया ने शनिवार को कहा कि भारत में इस रेस की मेजबानी की चुनौतियां और फायदों के आकलन के लिये जल्दी ही एक कार्यबल का गठन किया जायेगा। चुनिंदा मीडिया से बातचीत में मांडविया ने कहा कि हाल ही में फार्मूला वन के अधिकारियों, बुद्ध इंटरनेशनल सर्किट के मालिकों, अडानी समूह, भारतीय मोटर स्पोटर्स क्लब महासंघ के प्रतिनिधियों , युवा रेसर और मोटर स्पोटर्स प्रशंसकों समेत सभी हितधारकों से मुलाकात के बाद यह फैसला लिया गया। मांडविया ने कहा , ''इस बैठक के बाद तय किया गया कि मंत्रालय चार या पांच सदस्यीय कार्यबल का गठन करेगा जो भारत में मोटर स्पोटर्स के इकोसिस्टम का विस्तृत आकलन करेगा और इसके विकास की चुनौतियों की भी समीक्षा करेगा।''

## उषा और अंजू समेत चार पूर्व खिलाड़ियों को 'लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार

**नयी दिल्ली :** मशहूर धाविका और भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा को शनिवार को यहां पहली बार आयोजित भारतीय एथलेटिक्स पुरस्कार समारोह में 'लाइफटाइम अचीवमेंट' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले पूर्व डेकाथलीट गुरबचन सिंह रंधावा, राष्ट्रीय टीम के पूर्व मुख्य कोच बहादुर सिंह चौहान और विश्व चैंपियनशिप में कांस्य पदक जीतने वाली लंबी कूद एथलीट अंजू बॉबी जॉर्ज को भी यह सम्मान मिला। पुरस्कार मिलने के बाद उषा ने कहा कि इस सम्मान को पाकर उन्हें सुखद आश्चर्य हुआ। उन्होंने कहा, ''मुझे इस पुरस्कार की उम्मीद नहीं थी क्योंकि मैंने इसके लिए आवेदन नहीं किया था। भारत में अक्सर ऐसा होता है कि अगर आप आवेदन नहीं करते हैं तो आपको पुरस्कार नहीं मिलते। यह मेरे महासंघ एएफआई की बहुत अच्छी पहल है।''

## कोहली की फिटनेस जांच 22 जून को, हार्दिक इंग्लैंड के खिलाफ वनडे सीरीज से बाहर

**नयी दिल्ली :** स्टार बल्लेबाज विराट कोहली इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल)के दौरान लगी दाहिने पैर की मांसपेशियों की चोट से अच्छी तरह उबर रहे हैं और दोबारा जांच और आगे की योजना के लिए 22 जून को भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' (सीओई) में रिपोर्ट करेंगे। पता चला है कि सीओई की खेल विज्ञान टीम के एक सदस्य ने कोहली को रिहैबिलिटेशन कार्यक्रम देने से पहले उनकी फिटनेस का जायजा लेने के लिए ब्रिटेन का दौरा किया था। कोहली अपने परिवार के साथ लंदन रहते हैं। उन्हें अहमदाबाद में गुजरात टाइटन्स के खिलाफ आईपीएल फाइनल के दौरान मांसपेशियों में हल्की चोट लगी थी। सीओई की खेल विज्ञान टीम की ओर से चयन समिति और टीम प्रबंधन को भेजे गए फिटनेस अपडेट में कहा गया, ''आईपीएल में दाहिने पैर की मांसपेशियों में चोट के बाद विराट कोहली अच्छी तरह उबर रहे हैं। लंदन में सीओई की टीम ने उनकी जांच की और उन्हें रिहैब के शुरुआती चरण के लिए कार्यक्रम दिया। वह दोबारा जांच, आगे की योजना और मंजूरी के लिए 22 जून को सीओई में रिपोर्ट करेंगे।''

# प्रसिद्ध के पांच विकेट, जायसवाल के शतक से भारत ने अफगानिस्तान को हराकर क्लीनस्वीप किया



**चेन्नई :** भारत ने अफगानिस्तान के खिलाफ तीसरे और अंतिम वनडे में शानदार प्रदर्शन करते हुए नौ विकेट से जीत दर्ज कर तीन मैचों की श्रृंखला 3–0 से अपने नाम कर ली। चेन्नई में खेले गए मुकाबले में पहले गेंदबाजी करते हुए भारत के तेज गेंदबाज प्रसिद्ध कृष्णा ने करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी (23 रन देकर पांच विकेट) करते हुए अफगानिस्तान की शीर्ष क्रम को ध्वस्त कर दिया। एक समय टीम 36 रन पर चार विकेट गंवा चुकी थी, लेकिन कप्तान हशमतुल्लाह शाहिदी ने 131 गेंदों पर 102 रन की जुझारू पारी खेलकर टीम को 218 रन तक पहुंचाया। अजमतुल्लाह उमरजई ने 50 और मोहम्मद नबी ने 21 रन का योगदान दिया। पूरी टीम 44.2 ओवर में सिमट गई।219 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने आक्रामक शुरुआत की। यशस्वी जायसवाल और रोहित शर्मा ने पहले विकेट के लिए 170 रन की साझेदारी कर मैच एकतरफा बना दिया। रोहित ने 69 गेंदों पर 79 रन बनाए, जबकि जायसवाल ने 86 गेंदों में 14 चौकों और तीन छक्कों की मदद से नाबाद 110 रन की शानदार शतकीय पारी खेली। जायसवाल ने 83 गेंदों में अपना शतक पूरा किया और भारत को केवल 28.4 ओवर में एक विकेट पर 224 रन तक पहुंचाकर जीत दिला दी।प्रसिद्ध कृष्णा को उनकी घातक गेंदबाजी के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। भारत ने बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण तीनों विभागों में दबदबा बनाते हुए अफगानिस्तान का क्लीनस्वीप कर श्रृंखला का शानदार समापन किया।

## एएफआई ने नीरज चोपड़ा को 'सर्वश्रेष्ठ पुरुष एथलीट' पुरस्कार से सम्मानित किया

**नयी दिल्ली :** भारत के शीर्ष भाला फेंक एथलीट नीरज चोपड़ा को शनिवार को यहां पहली बार आयोजित भारतीय एथलेटिक्स पुरस्कार समारोह में साल 2025 के 'सर्वश्रेष्ठ पुरुष एथलीट' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। तोक्यो ओलंपिक में स्वर्ण पदक और उसके बाद पेरिस में रजत पदक जीतने वाले चोपड़ा ने कहा कि यह सम्मान उनके दिल के बहुत करीब है क्योंकि यह अलग–अलग पीढ़ियों के खिलाड़ियों की मौजूदगी में मिला है। चोपड़ा ने कहा, ''यह पुरस्कार मेरे दिल के बहुत नजदीक है। यहां एथलीटों की पुरानी और नयी पीढ़ी मौजूद है। उनके सामने यह पुरस्कार पाकर मैं बहुत खुश हूं।'' चोपड़ा ने शुक्रवार रात दोहा डायमंड लीग में हिस्सा लिया था, जहां 28 साल के इस खिलाड़ी ने अपने तीसरे प्रयास में 85.69 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो किया और सत्र की पहली प्रतियोगिता में चौथे स्थान पर रहे।

## माटियास ने दागा सबसे तेज गोल, पराग्वे ने तुर्किए को हराया



**सांताक्लारा (कैलिफोर्निया) :** माटियास गलार्ज़ा ने खेल शुरू होने के 65 सेकंड के अंदर गेंद को नेट में पहुंचाकर मौजूदा विश्व कप का सबसे तेज गोल किया जिससे पराग्वे ने अधिकतर समय 10 खिलाड़ियों के साथ खेलने के बावजूद तुर्किए को 1–0 से हराया। पराग्वे की इस जीत से यह सुनिश्चित हो गया कि अमेरिका ग्रुप डी में शीर्षक पर रहेगा। इससे तुर्किए की नॉकआउट में पहुंचने की उम्मीदें भी लगभग समाप्त हो गई। पराग्वे अगले गुरुवार को ग्रुप चरण के आखिरी मैच में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा, जिसमें ग्रुप में दूसरे स्थान का फैसला होगा। पराग्वे को दूसरा स्थान हासिल करने के लिए यह मैच जीतना जरूरी है। इस मैच में पराग्वे की जीत में गुस्तावो अल्फारो द्वारा किए गए लाइनअप में बदलाव का भी अहम योगदान रहा। माटियास को पहले मैच में नहीं खिलाया गया था, लेकिन तुर्किए के खिलाफ उन्हें शुरुआती लाइनअप में शामिल किया गया। उन्होंने मैच के शुरू होने के महज 65 सेकेंड के भीतर ही लगभग 25 गज की दूरी से बाएं पैर से शानदार शॉट लगाकर गोल दागकर कोच के फैसले को सही साबित किया। माटियास ने मैच के बाद कहा, ''यह अविस्मरणीय है। यह विश्व फुटबॉल का सबसे बड़ा मंच है जहां मुझे सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों के साथ खेलने का मौका मिल रहा है। मुझे बहुत गर्व है। मुझे उम्मीद है कि पराग्वे खुश होगा।'' मिगुएल अल्मिरोन को पहले हाफ के इंजरी टाइम में एक नए नियम का उल्लंघन करने के लिए लाल कार्ड दिखाए जाने के बाद पराग्वे को 10 खिलाड़ियों के साथ ही खेलना पड़ा। यह नियम खिलाड़ियों के बीच आपसी बहस के दौरान मुंह ढकने से जुड़ा हुआ है। पराग्वे के गोलकीपर ऑरलैंडो गिल ने कई महत्वपूर्ण बचाव किए और अपनी टीम की बढ़त को बरकरार रखा। पहले हाफ के आखिर में तुर्किए बराबरी का गोल करने के करीब था, लेकिन मेर्ट मुल्डुर का हेडर क्रॉस बार और गोलपोस्ट से टकरा गया। तुर्किए ने दूसरे हाफ में गोल करने के लिए अपनी पूरी जान लगा दी लेकिन पराग्वे ने गोल बचाने के लिए अपनी पूरी ताकत झोंक दी थी। पराग्वे अपने पहले मैच में अमेरिका से 4–1 से हार गया था। तुर्किए को ऑस्ट्रेलिया से 2–0 से हार का सामना करना पड़ा था। इससे तुर्किए की आगे बढ़ने की संभावना भी लगभग समाप्त हो गई।

# मैथियस कुन्हा के दो गोल से ब्राजील ने हैती को बाहर का रास्ता दिखाया



**फिलाडेल्फिया :** पांच बार के विश्व चैंपियन ब्राजील ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हैती को 3–0 से हराकर फीफा विश्व कप के नॉकआउट दौर की अपनी उम्मीदें मजबूत कर लीं। इस हार के साथ 1974 के बाद पहली बार विश्व कप खेल रही हैती टूर्नामेंट से बाहर होने वाली पहली टीम बन गई। ब्राजील की जीत के नायक मैथियस कुन्हा रहे, जिन्होंने दो शानदार गोल दागे। उन्होंने 23वें मिनट में विश्व कप करियर का पहला गोल कर टीम को बढ़त दिलाई और 36वें मिनट में दूसरा गोल कर स्कोर 2–0 कर दिया। स्टार फॉरवर्ड विनीसियस जूनियर ने पहले हाफ के इंजरी टाइम में तीसरा गोल कर जीत पक्की कर दी। विनीसियस ने कुन्हा के पहले गोल में भी अहम भूमिका निभाई। ब्राजील के कोच कार्लो एंसेलोटी ने पहले मैच में कुन्हा को शुरुआती एकादश में शामिल नहीं किया था, लेकिन इस मुकाबले में उन्होंने अपने प्रदर्शन से चयन को सही साबित किया। मैच की शुरुआत में राफिन्हा का गोल ऑफसाइड के कारण रद्द हो गया, जबकि चोट लगने के कारण उन्हें पहले हाफ में ही मैदान छोड़ना पड़ा।लिंकन फाइनेंशियल फील्ड में 68 हजार से अधिक दर्शकों की मौजूदगी में ब्राजील के प्रशंसकों ने टीम का जोरदार समर्थन किया। इस जीत के साथ ब्राजील ने अगले दौर की ओर मजबूत कदम बढ़ा दिए।

## सैबारी ने दूसरे मिनट में गोल करके मोरक्को को जीत दिलाई



**फॉक्सबोरो (मैसाचुसेट्स) :** इस्माइल सैबारी के दूसरे मिनट में किए गए शानदार गोल की बदौलत मोरक्को ने ग्रुप सी के मुकाबले में स्कॉटलैंड को 1–0 से हराकर लगातार दूसरी बार विश्व कप के नॉकआउट दौर में पहुंचने की अपनी उम्मीदें मजबूत कर लीं। सैबारी ने मैच के सिर्फ 72वें सेकंड में ब्राहिम डियाज के पास पर दो डिफेंडरों को छकाते हुए बेहतरीन गोल दागा, जो मैच का निर्णायक क्षण साबित हुआ।ब्राजील के खिलाफ पहले मैच में भी गोल करने वाले सैबारी ने लगातार दूसरे मुकाबले में अपनी उपयोगिता साबित की। कतर विश्व कप की सेमीफाइनलिस्ट मोरक्को ने पहला मैच ब्राजील के साथ 1–1 से ड्रॉ खेला था। स्कॉटलैंड ने बराबरी के लिए कई प्रयास किए, लेकिन मोरक्को की मजबूत रक्षापंक्ति के सामने उसे साफ मौके नहीं मिले। मोरक्को अब अपने अंतिम ग्रुप मैच में हैती से भिड़ेगा, जबकि स्कॉटलैंड का सामना ब्राजील से होगा।




वर्ष 11, पूर्णांक 3629 अंक 095 RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा रजि. 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता–700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता–700 015 से मुद्रित। सम्पादक– अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), कॉर्पोरेट आफिस : 230, चित्तरंजन एवेन्यू, कोलकाता–700 006, विज्ञापन एवं प्रसार–9874555256/7044444522, ई–मेल news@samagya.in